खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें : jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –151 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.


- गुजरात से बड़ी लड़ाई ...
- दिल्ली विश्वविद्यालय ... 04
- अमेरिका के टेक्सास में खसरे का प्रकोप ...
- पाक-अफगान तनावपूर्ण संबंधों को ?... 09
- सोना नए शिखर पर, 95 हजार के पार
- 35 दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर लगी रोक 11
- वनडे में दो बॉल नियम..
- पंजाब ने आईपीएल.. 10






## 17 राज्यों में अगले 5 दिनों तक होगी झमाझम बारिश, 50 किमी. की रफ्तार से आयेगा तूफान

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों, 20 अप्रैल तक, के लिए पूरे देश में मौसम की भिन्न-भिन्न स्थितियों को लेकर चेतावनी जारी की है। एक ओर जहां देश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश की आशंका है, वहीं दूसरी ओर राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में भीषण लू और गर्म रातों ने चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में कुल पांच चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। पश्चिम राजस्थान, दक्षिण मध्य प्रदेश, गल्फ ऑफ मन्नार, तमिलनाडु से लगे बंगाल की खाड़ी और पश्चिमी असम में इसका केंद्र है। इसके अलावा दो ट्रफ रेखाएं दक्षिण मध्यप्रदेश से गंगीय पश्चिम बंगाल और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक फैली हुई हैं, जिससे व्यापक स्तर पर मौसम में उथल-पुथल देखने को मिल रही है।

**बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट**- मौसम विभाग के मुताबिक, ओडिशा, बिहार, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। 16 अप्रैल को ओडिशा में भारी बारिश और ओलावृष्टि के आसार हैं। 17 अप्रैल को बिहार, झारखंड और गंगा से सटे पश्चिम बंगाल में तूफानी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा 16 अप्रैल को महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

दक्षिण भारत में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल में अगले पांच दिनों तक बिजली और गरज के साथ बारिश होगी।



# देश-विदेश

## छत्तीसगढ़ में दो खूंखार इनामी नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ में कोंडागांव और नारायणपुर जिले की सीमा पर किलम-बुरगुम के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद मुठभेड़ स्थल से दो खूंखार नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। मारे गए नक्सलियों की पहचान बस्तर ईस्ट डिवीजन के खूंखार माओवादी कमांडर डीवीसीएम हलदर (8 लाख का इनाम) और एसीएम रामे (5 लाख का इनाम) के रूप में हुई।

### वक्फ संशोधन कानून पर सुको ने केंद्र सरकार से पूछा

## क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर रोक नहीं लगाई है।

**आज भी होगी सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर स्त्र ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे। सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक, कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार 2 बजे सुनवाई करेगा। सुनवाई में अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर मुख्य दलीलें दीं।

### हमें बताया गया कि दिल्ली हाई कोर्ट, ओबरॉय होटल वक्फ की जमीन पर है :सुको

संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद कानून बन चुके वक्फ संशोधन अधिनियिम पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। सबसे पहले चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने दो पहलुओं को रेखांकित किया। सीजेआई ने कहा कि दो पहलू हैं, जिन पर हम दोनों पक्षों से विचार करने के लिए कहना चाहते हैं। सबसे पहले, क्या हमें इसे हाई कोर्ट को सौंपना चाहिए? दूसरा, संक्षेप में बताएं कि आप वास्तव में क्या आग्रह कर रहे हैं और क्या तर्क देना चाहते हैं? दूसरा बिंदु हमें कुछ हद तक पहले मुद्दे को तय करने में मदद कर सकता है।सुनवाई के दौरान, दिल्ली हाई कोर्ट और ओबरॉय जैसे होटल वक्फ की जमीन पर बनने के दावे का भी सुप्रीम कोर्ट ने जिक्र किया और चिंता जताई।

## ईडी के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन

### भाजपा बोली- जमानत पर हैं सोनिया-राहुल

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में जांच एजेंसी श्वष्ठ की ओर से अदालत में चार्जशीट दायर किए जाने के बाद कांग्रेस सड़क पर उतर आई है। दिल्ली सहित पूरे देश के जिला और संभाग मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने कांग्रेसियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया। क्योंकि ईडी की चार्जशीट में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता राहुल गांधी, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा, सुमन दुबे सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी की ओर से चार्जशीट दायर की गई है। अदालत इस मामले में 25 अप्रैल को सुनवाई करेगी। कांग्रेस ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की ओर से दायर की गई चार्जशीट की कार्रवाई पूरी तरह बदले की राजनीति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह विपक्षी नेताओं को डराने के लिए सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन भाजपा ने भी इसका जवाब दिया है।

**कांग्रेस ने कहा- बदले की राजनीति**

दूसरी ओर भाजपा के प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सोनिया और राहुल गांधी जमानत पर बाहर हैं। प्रसाद ने कहा, सोनिया और राहुल ने मामले को खत्म करने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

### पिंजरे में तोता लेकर भोपाल के ईडी कार्यालय पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

नेशनल हेराल्ड मामले में हुई कार्रवाई को लेकर मध्य प्रदेश के सभी बड़े नेता विरोध दर्ज कर रहे हैं। बुधवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ भोपाल में प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जीतू पटवारी पिंजरे में प्रतीकात्मक तोता लेकर पहुंचे। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अफसरों ने बीएसएनाल मुख्यालय का मेन गेट बंद कर दिया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पर चढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया।




## लीबिया में नाव पलटी, 4 पाकिस्तानी नागरिकों समेत 11 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में नाव पलटने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पाकिस्तानी नागरिक थे। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने दी। यह नाव पूर्वी लीबिया के सिर्ते के निकट हरावा तटरेखा के पास विदेशी प्रवासियों को ले जा रही थी। मारे गए चारों पाकिस्तानी सहित सभी 11 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस दुर्घटना पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने देश के नागरिकों को ऐसे मौत के जाल में फंसाने के जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सीरिया की राजधानी त्रिपोली में पाकिस्तानी मिशन और विदेश कार्यालय को स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर बचे हुए मृतकों को निकालने के आदेश दिए हैं। बुधवार को जारी एक बयान में प्रधानमंत्री ने कहा, लीबिया में पाकिस्तानी मिशन से सिर्ते शहर के नजदीक हरावा तटरेखा के पास एक और नाव पलटने की घटना की जानकारी मिलने से दुखी हूं।

हमारा मिशन और विदेश कार्यालय स्थानीय अधिकारियों के साथ बचे हुए लोगों के शवों को निकालने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। शरीफ ने आगे कहा कि हमारे नागरिकों को इस मौत के जाल में फंसाने वालों के खिलाफ हम ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेंगे ताकि किसी भी परिवार को ऐसी घटनाओं में अपने प्रियजनों के ताबूत को ले जाने की जरूरत न पड़े। पाकिस्तानी दूतावास की टीम ने सिर्ते शहर पहुंचने के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की मौत की पुष्टि की। चारों मृतक



पाकिस्तानियों की पहचान पंजाब के गुजरांवाला निवासी जाहिद महमूद, पंजाब के ही मंडी बहाउद्दीन निवासी समीर अली, सैयद अली हुसैन और असिफ इली के रूप में की गई है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि त्रिपोली स्थित पाकिस्तान का दूतावास इस दुर्घटना में प्रभावित हुए पाकिस्तानियों के बारे में सक्रियता से जानकारी इकट्ठा कर रहा है और स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। स्थिति पर नजर रखने के लिए विदेश मंत्रालय की संकट प्रबंधन इकाई सक्रिय है।

## पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में वैन-ट्रेलर की टक्कर में 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। यहां एक यात्री वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में स्थित सिंधु राजमार्ग पर हुआ।

एक तेज रफ्तार ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही यात्री वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीम ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कई घायलों की हालत गंभीर है। पुलिस ने कहा कि यह सड़क हादसा ट्रेलर की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में फंसे यात्रियों को बचाने के लिए वाहन को काटना पड़ा। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, खराब सड़क बुनियादी ढांचे, खराब रखरखाव वाले वाहनों और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण देश में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इससे पहले 7 अप्रैल को पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में हुए एक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी और आठ अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा प्रांत के जरानवाला जिले में हुआ, जहां एक तेज रफ्तार बस ने रिक्शा को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित 11 लोगों की जान चली गई थी। पुलिस ने बताया कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोगों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घायलों में कम से कम तीन की हालत गंभीर थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह हादसा तेज गति और बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ था।

## अफगानिस्तानः भूकंप के झटकों से हिला हिंदुकुश क्षेत्र, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.9 मापी गई

**काबुल, (आईएएनएस)।** अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई है।

एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बुधवार तड़के स्थानीय समयानुसार 4ः43 बजे अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई है। भूकंप का केंद्र 35.83 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.60 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 75 किलोमीटर की गहराई पर था।अभी तक किसी के हताहत होने या इमारतों को नुकसान की कोई तत्काल खबर नहीं है, लेकिन अधिकारी और मानवीय एजेंसियां स्थिति पर करीब से नजर रख रही हैं।

हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला (जो उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में फैली है) यह अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र का हिस्सा है, जहां जटिल टेक्टोनिक संरचना के कारण भूकंप बार-बार आते हैं। अफगानिस्तान भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के बीच टकराव वाले क्षेत्र में स्थित है, जो इसे विशेष रूप से भूकंपीय गतिविधि के लिए संवेदनशील बनाता है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने देश की प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता को दोहराया, और कहा कि बार-बार आने वाले भूकंप उन समुदायों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं, जो पहले से ही दशकों के संघर्ष और पुराने अविकास से कमजोर हो चुके हैं। रेड क्रॉस के अनुसार, अफगानिस्तान में विशेष रूप से हिंदुकुश जैसे भूगर्भीय रूप से अस्थिर क्षेत्रों में हर साल शक्तिशाली भूकंप आते हैं। पश्चिमी प्रांत हेरात भी एक महत्वपूर्ण फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो देश के भूकंपीय जोखिम को और बढ़ाता है। अक्टूबर 2023 में, 6.3 तीव्रता सहित कई शक्तिशाली भूकंपों ने पश्चिमी अफगानिस्तान, विशेष रूप से हेरात को तबाह कर दिया था, जिसमें 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग विस्थापित हुए थे।

### भारत-उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**पुणे।** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक का छठा संस्करण बुधवार को पुणे के औंध में विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने यहां बताया कि 28 अप्रैल तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व 60 सैन्यकर्मियों की जाट रेजिमेंट और भारतीय वायुसेना की एक बटालियन कर रही है। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व उज्बेकिस्तान सैन्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

यह अभ्यास भारत और उज्बेकिस्तान में हर वर्ष बारी-बारी से किया जाता है। पिछला संस्करण उज्बेकिस्तान के टर्मेज़ जिले में हुआ था।

## इजरायली ड्रोन ने लेबनान के दक्षिणी सीमावर्ती गांव पर हमला किया

**बेरूत, (आईएएनएस)।** लेबनान के आधिकारिक सूत्रों ने सरकारी के हवाले से बताया कि इजरायली ड्रोनों ने दक्षिणी लेबनान के बिंट जेबिल जिले के रामयेह गांव के पास तीन हवाई हमले किए। इजरायली मानवरहित विमानों ने दक्षिणी सीमा क्षेत्र के मध्य क्षेत्र में स्थित रामयेह के बाहरी इलाके में वादी अल-मजलाम को निशाना बनाकर लगातार तीन हमले किए। एक हमले की रिपोर्ट दी, जिसमें एक इजरायली ड्रोन ने लेबनान की दक्षिणी सीमा पर स्थित ऐतरौन गांव के पास एक नागरिक वाहन को निशाना बनाया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक बच्चे समेत तीन अन्य घायल हो गए।

अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्धविराम 27 नवंबर, 2024 से प्रभावी है, जिसने गाजा में युद्ध के कारण एक वर्ष से अधिक समय से चले रहे सीमा पार संघर्ष को समाप्त कर दिया। युद्धविराम के बावजूद, इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह से खतरों को संबोधित करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए दक्षिणी लेबनान में कभी-कभार हमले करना जारी रखा है। इजरायल ने पूर्ण वापसी के लिए 18 फरवरी की समय सीमा के बाद भी लेबनानी सीमा पर पांच प्रमुख स्थानों पर अपनी स्थिति बनाए रखी है।

इससे पहले मार्च में इजरायली हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया था, जो 27 नवंबर को



युद्धविराम पर सहमति के बाद से इस तरह का पहला हमला था। इजरायली सेना ने कहा कि उसने लेबनान की राजधानी के पास शिया आतंकवादी समूह के गढ़ दहिएह में हिजबुल्लाह से संबंधित ड्रोन स्टोरेज फैसिलिटी को निशाना बनाया। हमले से पहले, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी जारी की थी, जिसमें नागरिकों को साइट के आसपास 300 मीटर के दायरे से बाहर निकलने की सलाह दी गई थी।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने उस स्थान को चिह्नित करते हुए एक नक्शा पोस्ट किया और तत्काल लोगों को वहां से निकालने का आग्रह किया।

## तलवार उठाई और मार डाला, दुबई में पाकिस्तानी ने दो भारतीय हिंदुओं को बनाया शिकार

**दुबई।** दुबई की एक बेकरी में एक पाकिस्तानी नागरिक ने धार्मिक नारे लगाते हुए हमला किया, जिसमें तेलंगाना के दो लोगों की मौत हो गई और तीसरा घायल हो गया। मृतकों के परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को यह दावा किया। एक मृतक के चाचा ए पोशेट्टी के मुताबिक निर्मल जिले के सोन गांव के अष्टपु प्रेमसागर (35) की 11 अप्रैल को तलवार से हत्या कर दी गई। कथित घटना उस बेकरी में हुई जहां पीड़ित काम करते थे।

पोशेट्टी के मुताबिक प्रेमसागर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके परिवार के सदस्यों को इस बारे में सूचित नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से उनके शव को भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया। इस बीच, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि दूसरे मृतक का नाम श्रीनिवास है जो निजामाबाद जिले का रहने वाला था। वहीं, हमले में घायल व्यक्ति की पत्नी भवानी ने निजामाबाद जिले में संवाददाताओं को बताया कि उसके पति सागर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार वालों का आरोप है कि उनके परिजनों की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह हिंदू थे और भारत से थे। रेड्डी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने मंगलवार को दुबई में तेलंगाना के दो तेलुगु युवकों की हत्या पर शोक व्यक्त किया।

**In The Court Of II Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:** मीनाक्षी दंडेलिया खण्डेलवाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCSA/0000279/2025)
शकीला परवी..............................वादी
रामनाथ प्रजापति ..........................प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 28/04/2025
प्रेषिती,
(1) लेखराम प्रजापति पिता स्व. प्रेमलाल पता- 130 शहीद भगत सिंह वार्ड रांझी जबलपुर म.प्र. (2) रामकली उर्फ कल्लो पति मुन्ना प्रजापति पता- 130 शहीद भगत सिंह वार्ड रांझी जबलपुर म.प्र. (3) जगदीश प्रजापति पिता स्व. दुलारे प्रजापति पता- 130 शहीद भगत सिंह वार्ड रांझी जबलपुर म.प्र. (4) जग्गो बाई पति उम्मेद कुमार प्रजापति पता- 104 शहीद भगत सिंह वार्ड रांझी जबलपुर म.प्र. (5) संतोष प्रजापति पिता स्व. भूपत प्रजापति पता- 130 शहीद भगत सिंह वार्ड रांझी जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी शकीला परवीन ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा तथा स्थाई निषेधाज्ञा मूल्यांकन वास्ते मालिक काबिज घोषणा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसान अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 08 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा तथा स्थाई निषेधाज्ञा मूल्यांकन वास्ते मालिक काबिज घोषणा हेतु की छाया प्रति संलग्न
(मीनाक्षी दंडेलिया)
द्वितीय सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड)
र.नं. 148 जबलपुर (म.प्र.)

**पश्चिम मध्य रेल**
ई-निविदा सूचना
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा), जबलपुर
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2024-40R, दिनांकः 11.04.2025
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नामः** जबलपुर डिवीजन के मकरोनिया टीएसएस में 54 एमबीए पावर ट्रांसफार्मर की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच), **कार्य स्थलः** जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधिः** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 81,81,123.32/- (रुपये इक्यासी लाख इक्यासी हजार एक सौ तेईस और बत्तीस पैसे मात्र), **बयाना राशिः** रूपये- 1,63,600.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 05.05.2025 15:00 बजे/05.05.2025 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेवसाईटः** https://www.ireps.gov.in. निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आईआरईपीएस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फ़ार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
(हस्ता.)
कृते मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण-वितरण, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI PATAN DIST. JABALPUR**
**Notice Inviting Tender**
N.I.T. No/ Nirman/2025-26/39 PATAN dated: 16.04.2025
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for CONSTRUCTION OF TROLLEY SHED SIZE 60X14 METER AND C.C. ROAD AROUND THE TROLLEY SHED AT MANDI YARD PATAN Tender Number: 2025_MPSAM_417170_1 (PAC amount Rs. 113.02 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 15:30 PM on 08.05.2025. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.
Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in
Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti PATAN
Distt. JABALPUR

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
रा.प्र.क्र. ..../अ-6/2024-25 जबलपुर, दिनांक 25.03.25
आम इश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या गुप्ता पिता स्व. राजेश गुप्ता निवासी 2868/1 चेरीताल दमोह नाका के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नंबर... प्लॉट नंबर.... स्थित भूमि खसरा नंबर 1/1/1/1/38/1/1 में से रकवा 1050 वर्गफुट भूमि पर स्व. राजेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30/09/2020 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक .....तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 25/03/25
पेशी दिनांक : 09/04/25
तहसीलदार, अधारताल

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**
रा.प्र.क्र. /2847 अ-6/2024-25 जबलपुर, दिनांक ......
आम इश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती गीता ठाकुर पिता/पति जितेन्द्र ठाकुर निवासी 2014, त्रिमूर्ती नगर, भूलन साईमंदिर के पास कृष्णा कॉलोनी द्वारा ग्राम गोहलपुर नं.बं.... प.ह.नं..... राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित खसरा नं. 6/1/11 का भाग रकवा 400 वर्गफुट/हे. भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र/ फौती दिनांक.... के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री जितेन्द्र सिंह ठाकुर पिता अर्जुन सिंह ठाकुर के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्जावेज पेशी दिनांक.... तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार महोदय जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक :08/04/25
पेशी दिनांक : 22/04/25
नायब तहसीलदार
र.नं. 145 अधारताल, जबलपुर

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 151 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

### मुख्यमंत्री ने मंडला से 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1552.38 करोड़ रूपये डाले


## बहनों को दिलाएंगे उनका पूरा हक : डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माताओं, बहनों और बेटियों के हित में हमारी सरकार हमेशा उनके साथ हैं। इनके लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। बहनों को हमारी सरकार उनका हर हक दिलायेगी। राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो, इसके लिए कई निर्णय लिए गए हैं। राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, इसके लिए आगामी वर्षों में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश सरकार पहले ही निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंडला जिले के टिकरवारा गांव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहाँ आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए 2500 करोड़ से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने के लिए शुचि उपाध्याय का मंच से अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं में हितलाभ और युवाओं को नियुक्ति-पत्र भी वितरित किये। उन्होंने मण्डला में 232 करोड़ के विकास कार्यो काभूमि पूजन, लोकापर्ण किया।

**56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़, 25 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 57 करोड़ रूपये**










### जस्टिस बीआर गवई होंगे भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश

**14 मई को संभालेंगे कार्यभार**



**नई दिल्ली।** यूपी में बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाले जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई देश अगले चीफ जस्टिस होंगे। वे मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की जगह लेंगे और 14 मई 2025 को अपना कार्यभार संभालेंगे। जस्टिस गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 तक रहेगा। सबसे खास बात, एससी समुदाय से आने वाले वे सुप्रीम कोर्ट के पहले सीजेआई होंगे। जस्टिस गवई को सोशल जस्टिस से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिए जाना जाता है।

जस्टिस बीआर गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। उनके पिता आरएस गवई एक प्रसिद्ध राजनेता थे, जो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) से सांसद और बाद में राज्यपाल रहे। उनके भाई राजेंद्र गवई भी एक राजनेता हैं। जस्टिस गवई ने अपनी कानून की पढ़ाई नागपुर विश्वविद्यालय से पूरी की और 1985 में वकालत शुरू की। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट में उन्होंने वकालत से की। 2000 में उन्हें बॉम्बे हाई कोर्ट में स्थायी जज बनाया गया। 2019 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया।

### वाड्रा से दूसरे दिन साढ़े पांच घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने दूसरे दिन करीब साढ़े पांच घंटे पूछताछ की। वाड्रा शाम को ईडी ऑफिस से बाहर निकले। वो गुरुग्राम जमीन मामले में ईडी के सामने पेश हुए थे। उन्हें गुरुवार को भी बुलाया गया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि उनपर केवल इसलिए निशाना साधा जा रहा है, क्योंकि वो गांधी परिवार का हिस्सा हैं।






देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 17 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## गुजरात से बड़ी लड़ाई का संकेत देते राहुल

पिछले माह यानी मार्च में, तत्पश्चात मात्र 6 दिन पहले कांग्रेस की अहमदाबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आये ही थे, मंगलवार-बुधवार को वे फिर से गुजरात में थे। वे आये थे एक ऐसे राज्य की पार्टी इकाई में प्राण फूंकने पहुंचे जो पिछले साढ़े तीन दशकों से सत्ता से बाहर है। यहां पार्टी का केवल एक सांसद है तथा सिर्फ 17 विधायक हैं। दरअसल कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ-साथ राहुल गांधी जमीनी स्तर तक पार्टी का रूप-रंग बदलते दिखाई दे रहे हैं। राज्य के चुनाव अभी दूर हैं (2027 में होंगे) लेकिन संगठन की जो नयी कार्यप्रणाली यहां राहुल विकसित कर रहे हैं, वह अन्य सूबों में भी लागू हो सकती है। होनी ही चाहिये। पिछले दौरे पर राहुल ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मैराथन मुलाकातें की थीं। उसके बाद कार्यकर्ताओं को दिये सम्बोधन में उन्होंने भितरघात करने वाले कांग्रेसियों को साफ कर दिया था कि 'वे भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय संगठन से बाहर चले जायें।' इस बात को उन्होंने इस दौरे में दोहराया है। उन्होंने पिछली बार गुजरात में ही कहा था कि 'पार्टी से कुछ ऐसे लोगों को निकाल बाहर करने की जरूरत है जो भारतीय जनता पार्टी से मिले हुए हैं।' साफ है कि उनकी यह चेतावनी गुजरात के नेताओं तक सीमित न होकर सभी राज्य इकाइयों के लिये अलार्म होगी।

मंगलवार को अहमदाबाद कांग्रेस कार्यालय में उन्होंने जिला अध्यक्षों तथा पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की थी जिसमें 5 सदस्यों की एक टीम बनाई गई जो 45 दिनों में आलाकमान को जमीनी रिपोर्ट देगी। इसके बाद नये जिलाध्यक्ष नियुक्त होंगे। इसका मानदण्ड उनकी सक्रियता, पार्टी के प्रति निष्ठा एवं दृढ़ वैचारिक प्रतिबद्धता होगी। बुधवार को राहुल ने मोडासा जिले के अरावल्ली में 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत की जिसका उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों और उनके अध्यक्षों को सशक्त और जवाबदेह बनाना है। इस नई प्रणाली से पार्टी के संगठन को मजबूती मिलने की आशा है। याद हो कि अहमदाबाद सीडब्ल्यूसी में राहुल ने कहा था कि जिला अध्यक्ष ही संगठन की नींव बनें। वे ही पार्टी की मुख्य ताकत होने चाहिये। जिला कमेटी और जिला अध्यक्ष को शीर्ष नेतृत्व पार्टी की बुनियाद बना रहा है। पार्टी इकाई ने अधिवेशन के बाद गुजरात के 33 जिलों और 8 प्रमुख शहरों के अध्यक्षों की नियुक्ति हेतु 42 केंद्रीय और 183 प्रदेश स्तर के पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

उन्होंने इस बात को दोहराया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को हराने की ताकत केवल कांग्रेस में है; और जीत का रास्ता गुजरात से होकर जाता है। बुधवार की बैठक में राहुल ने कहा कि, 'देश में चल रही लड़ाई सिर्फ राजनीतिक नहीं वरन भाजपा-संघ और कांग्रेस के बीच विचारधाराओं की लड़ाई भी है। उन्होंने याद दिलाया कि 'गुजरात ने ही पार्टी को दो सबसे बड़े नेता- महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए हैं परन्तु हमें लंबे समय से गुजरात में नाकामी मिल रही है।' राहुल का यह बतलाना कि कई सूत्रों से उन्हें जानकारी मिली है कि वरिष्ठ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा रचनात्मक नहीं बल्कि विनाशकारी है। साथ ही, टिकट वितरण प्रक्रिया में स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को शामिल न किया जाना भी नुकसानदेह साबित हुआ है।

गुजरात के तीनों ही दौरे (अधिवेशन समेत) पार्टी को अनेक महत्वपूर्ण संकेत व संदेश दे रहे हैं। हर बार राहुल का यह कहना कि भाजपा को हराने की ताकत कांग्रेस रखती है, न सिर्फ कार्यकर्ताओं में जोश भर रहा है वरन उन्हें 2027 की तैयारियां अभी से करने के लिये प्रेरित भी करता है। यह केवल गुजरात की बात नहीं वरन लगभग हर राज्य में यही दिखता है कि चुनाव सिर पर आने तक कांग्रेस की तैयारियां नहीं रहतीं। अंतिम समय तक उम्मीदवार घोषित नहीं होते तथा जिसे भी प्रत्याशी बनाकर उतारा जाता है, प्रतिस्पर्धी खेमा जो पार्टी टिकट से वंचित रह जाता है वह या तो निष्क्रिय हो जाता है अथवा भाजपा को प्रत्यक्ष-परोक्ष मदद करता है। यदि कोई समझे कि राहुल की यह चेतावनी केवल गुजरात इकाई के लिये है तो वह गलतफहमी में है। पार्टी के भीतर से जो संकेत मिल रहे हैं वे यही बताते हैं कि किसी भी राज्य में अब आलाकमान ऐसे लोगों से मुरव्वत नहीं बरतने जा रहा।

भितरघात से कांग्रेस को बहुत नुकसान हुआ है। जिन लोगों को संगठन ने महत्वपूर्ण पद दिये वे भी पिछले दिनों विभिन्न कारणों से पार्टी को ठेंगा दिखाकर अलग हो गये। इनमें से ज्यादातर तो भाजपा में ही गये- कुछ केन्द्रीय जांच एजेंसियों से घबराकर तो कुछ पैसे या पदों के लालच में। जो सीधे छोड़ जाते हैं वे फिर भी कम आघात पहुंचाते हैं, लेकिन ऐसे लोग जो दल के भीतर रहते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होते हैं, कहीं अधिक नुकसानदेह साबित हुए हैं। राहुल अब ऐसे लोगों को सीधे चुनौती दे रहे हैं कि जिन्हें पार्टी छोड़कर जाना है, वे अभी से चले जायें। इसका कारण यह है कि राहुल, उनकी पार्टी तथा सभी लोग जान गये हैं कि कांग्रेस की लड़ाई जैसे-जैसे जोर पकड़ रही है, भाजपा सरकार संगठन के नेताओं को अधिक डरायेगी। कहें तो डरा ही रही है। 9 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नेशनल हेराल्ड के मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राजीव के प्रेस सलाहकार सुमन दुबे व एक ट्रस्टी और ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। मंगलवार को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी हरियाणा जमीन मामले में ईडी ने पूछताछ के लिये बुलाया था। साफ है, जो डरेगा वह कांग्रेस में रह नहीं सकेगा। राहुल के गुजरात दौरे बड़े निश्चयों के साथ बड़ी लड़ाई का संकेत है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में गोबर विमर्श

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

ऐसा लग रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी दुनिया को अपने कदमों में झुकाने की हसरत पाले दूसरी बार सत्ता में आए हैं। जिस लोकतंत्र पर अमेरिका की जनता को इतना अभिमान रहा है, उसकी धज्जियां उड़ाने में ट्रंप कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पाकिस्तानी शायरा फहमीदा रियाज़ याद आती है-

तुम बिल्कुल हम जैसे निकले,
अब तक कहां छुपे थे भाई।
वो मूरखता वो घामड़-पन,
जिस में हम ने सदी गंवाई।
आख़िर पहुंची द्वार तुहारे,
अरे बधाई बहुत बधाई।।

फहमीदा रियाज़ ने ये नज़्म भारत और पाक में लोगों की एक जैसी सोच पर लिखी थी, लेकिन फिलहाल अमेरिका से हर बात में तुलना करने को आतुर भारतीय ये सोचकर खुश हो सकते हैं, जो हाल हमारे यहां लोकतंत्र का हो रहा है, वही अमेरिका में नजर आ रहा है। हालांकि वहां हार्वर्ड विश्वविद्यालय जैसी मजबूती लोकतंत्र के भविष्य को भी मजबूत करने के संकेत देती है। भारतीय विश्वविद्यालय इस मामले में कमजोर साबित हो रहे हैं। उनकी प्रतिष्ठा राजनीति का औजार बन कर खत्म होती जा रही है और समाज इस मामले में लगभग बेज़ार दिख रहा है। बस लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्राचार्य कक्ष में गोबर लीपने जैसी कुछ घटनाएं बता रही है कि अभी पोंगापंथ के आगे वैज्ञानिक नजरिए ने पूरी तरह से घुटने नहीं टेके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप अपने कई फैसलों को लेकर विवादों में रहे और उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन ने कह भी दिया कि सौ दिनों में काफी विनाशकारी फैसले ट्रंप ने लिए हैं। नए टैरिफ को लेकर पूरी दुनिया से अदावत, रूस-यूक्रेन के बीच मध्यस्थता के नाम पर अपनी टांग अड़ाना, प्रवासी नागरिकों के लिए नियमों को कठिन करना, ऐसे कई फैसले ट्रंप ने लिए जिससे उनकी मजबूती साबित हो। ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को भी अपने आगे झुकाने के लिए दांव चला और अपनी मांगों की एक सूची विश्वविद्यालय को भेजी, जिसमें कहा गया कि-

1. अमेरिकी मूल्यों के मुख़ालफ़त करने वाले छात्रों की सूचना सरकार को दी जाए
2. यह सुनिश्चित किया जाए कि हर शैक्षणिक विभाग का दृष्टिकोण विविधतापूर्ण हो
3. यूनिवर्सिटी के विभागों का ऑडिट करने के लिए सरकारी मान्यता प्राप्त बाहरी कंपनी को नियुक्त किया जाए
4. यहूदी विरोधी उत्पीड़न को सबसे अधिक बढ़ावा देने वाले विभागों की सूचना दी जाए
5. पिछले दो वर्षों में परिसर में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुए 'उल्लंघनों' के ख़िलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए
6. विश्वविद्यालय की 'विविधता, समानता और समावेशन' की नीतियों और कार्यक्रमों को ख़त्म किया जाए।

ट्रंप प्रशासन की इन मांगों को पूरा करने पर ही हार्वर्ड विश्वविद्यालय को संघीय अनुदान मिलना जारी रहता। लेकिन विश्वविद्यालय ने अपनी स्वतंत्रता या अपने संवैधानिक अधिकारों को नहीं छोड़ने का ऐलान करते हुए इन मांगों को मानने से इंकार कर दिया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने साफ कर दिया कि व्हाइट हाउस उस पर नियंत्रण की तैयारी कर रहा है, इसलिए वह इन मांगों को नहीं मानेगा। इस तनातनी का परिणाम ये निकला कि ट्रंप प्रशासन ने करीब 2 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तीय अनुदान रोक दिया है। इतनी बड़ी रकम से वंचित रहने पर विवि के कामकाज और प्रबंधन पर तात्कालिक असर तो पड़ेगा, लेकिन कम से कम भविष्य के लिए न झुकने का रास्ता तैयार हो चुका है। इस फैसले ने साबित कर दिया है कि क्यों हार्वर्ड दुनिया के नामचीन विश्वविद्यालयों में शुमार होता है, और ये भी समझ आ रहा है कि क्यों ट्रंप को इससे दिक्कतें हो रही हैं।

> **परंपरा और संस्कृति के नाम पर भरा जा रहा है, जो हर किस्म की चेतना से घबराते हैं, नए विचारों से दूर भागते हैं। अभी हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्या ने कमरे की दीवारों पर गोबर लीपा ताकि ठंडक बनी रहे। जबकि इस कॉलेज की छात्राओं की शौचालय, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन या अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जो मांगें हैं, उसके समाधान की कोशिशें नहीं की जा रही हैं।**

आखिर मोदीजी को भी तो इसी तरह जेएनयू, एएमयू जैसे शिक्षा संस्थानों से दिक्कतें हुईं। वैसे अपनी हीनभावना की ग्रंथि के इलाज के लिए श्री मोदी एक बार हार्वर्ड को भी निशाने पर ले चुके हैं। याद कीजिए किस तरह नोटबंदी के फैसले पर डॉ.मनमोहन सिंह ने इसके दुष्परिणामों का अनुमान लगाया था तो मोदी ने कहा था कि बड़े विद्वान, कुछ हार्वर्ड से, कुछ ऑक्सफोर्ड से...कुछ ने कहा कि जीडीपी में 2 प्रतिशत की गिरावट आएगी, अन्य ने कहा कि (नोटबंदी के बाद) 4 प्रतिशत की गिरावट आएगी...लेकिन देश ने देखा है कि हार्वर्ड के लोग क्या सोचते हैं और कड़ी मेहनत करने वाले लोग क्या सोचते हैं।'

वहीं इससे पहले 2014 में भी नरेन्द्र मोदी ने यूपीए सरकार की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा था कि 'वित्त मंत्री हार्वर्ड से हैं। प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री हैं और उनके पास भी एक बडे विश्वविद्यालय की डिग्री है। मेरे पास हार्ड वर्क (कठोर परिश्रम) है। हार्वर्ड जाने का कोई मतलब नहीं है। जो मायने रखता है, वह कठोर परिश्रम है। जो साधारण से स्कूल में पढ़ा हो, चाय बेची हो और हार्वर्ड के दरवाजे तक न देखे हो, उस एक आदमी ने दिखा दिया कि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए क्या करना चाहिए।'

इस किस्म के बड़बोलेपन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि अब देश देख रहा है कि बेतुके शब्दाडंबर करने का नुकसान देश को हुआ और आज तक अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। वैसे 2017 में जब नरेन्द्र मोदी ने हार्वर्ड पर टिप्पणी की थी तो उस वक्त हार्वर्ड के छात्र प्रतीक कंवल ने बाकायदा चिट्ठी लिखकर कहा था कि 'भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को विकसित करने के लिए, आपको ऐसे लोगों की मदद की आवश्यकता होगी जो अलग दृष्टिकोण लेकर आएं। अर्थशास्त्रियों और विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थानों का मज़ाक उड़ाना हमें दुनिया से अलग-थलग कर देगा।'

पता नहीं उस चिट्ठी का मर्म नरेन्द्र मोदी ने समझा या नहीं, लेकिन 2017 से 2025 तक हमने देश के शैक्षणिक संस्थानों में सिलसिलेवार गिरावट ही देखी है। 2016 में जेएनयू प्रसंग को अब भी भाजपा विपक्ष को निशाने पर लेने के लिए इस्तेमाल करती है और टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसे शब्द उसके शब्दकोष में स्थायी जगह बना चुके हैं। शैक्षणिक संस्थाओं में दकियानूसी, कट्टर और रुढ़िवादी सोच के शिक्षकों को परंपरा और संस्कृति के नाम पर भरा जा रहा है, जो हर किस्म की चेतना से घबराते हैं, नए विचारों से दूर भागते हैं। अभी हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्राचार्या ने कमरे की दीवारों पर गोबर लीपा ताकि ठंडक बनी रहे। जबकि इस कॉलेज की छात्राओं की शौचालय, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन या अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर जो मांगें हैं, उसके समाधान की कोशिशें नहीं की जा रही हैं। कक्षा की दीवार पर गोबर लीप कर प्राचार्या महोदया ने निश्चित ही भाजपा के सामने अपने अंकों को बढ़ाने की कोशिश की, हालांकि दिल्ली विवि छात्रसंघ के अध्यक्ष रौनक खत्री ने इसका तुरंत ही सही प्रतिवाद किया। पहले रौनक खत्री ने ऐलान किया था कि वे भी अब गोबर लीपने प्राचार्या के कक्ष में आएंगे और वहां के एसी को छात्रों के लिए दे देंगे और अगले दिन रौनक खत्री बाकायदा गोबर लेकर पहुंच भी गए। उनके आने से पहले प्राचार्या महोदया तो कहीं चली गईं, लेकिन अन्य शिक्षिका ने उन्हें रोकने की पूरी कोशिश की, मगर वे सफल नहीं हुईं। रौनक खत्री ने इस दौरान कॉलेज की छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना भी।

छात्रसंघ अध्यक्ष का यह विरोध सामयिक और सटीक है, क्योंकि अगर मुंहजबानी प्राचार्या के कृत्य का विरोध किया जाता तो उसका असर नजर नहीं आता, अब कम से कम छात्रों को ऐसे मूढ़तापूर्ण कार्यों पर आवाज उठाने और बिना बेहूदगी के विरोध करने का हौसला मिलेगा। यह देखकर अच्छा लगा कि रौनक खत्री या उनके साथियों ने न शिक्षकों से दुर्व्यवहार किया, न किसी किस्म के उपद्रव का माहौल बनाया। अन्यथा छात्रों के विरोध अक्सर जोश-जोश में गलत रास्ते पर चले जाते हैं और फिर सत्ता को दखलंदाजी का और मौका मिलता है।

जेएनयू, बीएचयू, एएमयू, जादवपुर विवि, हैदराबाद विवि, आईआईटी, आईआईएम ऐसे तमाम प्रतिष्ठित भारतीय शिक्षा संस्थान ऐसी ही दखलंदाजियों का शिकार होकर बर्बादी के रास्ते पर हैं। नरेन्द्र मोदी नालंदा की पुनर्प्रतिष्ठा की बात करते हैं, लेकिन ऐसे कई संस्थान जिनमें नालंदा जैसी ऊंचाइयों पर पहुंचने की क्षमता थी, उन्हें पिछले 10 सालों में सड़ी-गली राजनीति में कैद किया गया है। अच्छा है कि डीयू में रौनक खत्री ने एक जरूरी हस्तक्षेप किया है। जो तसल्ली हार्वर्ड के न झुकने के ऐलान से हुई है, वही रौनक खत्री के प्राचार्या कक्ष में गोबर लीपने से हुई है।

## 2014 से 15 प्रतिशत बढ़े प्राइवेट स्कूल, लगातार बढ़ा रहे फीस

■ डॉ. ज्ञान पाठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हमेशा से देश में शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देती रही है। हाल ही के आंकड़ों से पता चलता है - 2014-15 से 2023-24 के दौरान प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और उन्होंने पिछले तीन वर्षों में अपनी फ़ीस में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि की है। दूसरी ओर, पिछले एक दशक के दौरान देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आयी है, जिनमें से अधिकांश भाजपा शासित राज्यों में हैं।

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों की फीस में की गयी अत्यधिक वृद्धि को लेकर जो विवाद छिड़ा है, उससे देश की शिक्षा व्यवस्था के बारे में और भी भयावह जानकारी मिलती है। सरकारी स्कूलों की संख्या कम होती जा रही है और शिक्षकों तथा बुनियादी ढांचे की कमी के कारण उनमें शिक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है। इससे प्राइवेट स्कूलों के पनपने और समृद्ध होने के लिए परिस्थितियां बनती हैं, जो केवल उन्हीं छात्रों को शिक्षा देते हैं जिनके माता-पिता या अभिभावक आर्थिक रूप से संपन्न हैं या कम से कम जो किसी तरह से फीस वहन कर सकते हैं, हालांकि बहुत मुश्किल से। यह इस देश के बच्चों के सार्वभौमिक और समान शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करता है और अपेक्षाकृत गरीब परिवारों के बच्चों के लिए असमान शिक्षा स्तर बनाता है। अभिभावकों तथा माता-पिता में यह डर प्राइवेट स्कूलों के प्रति उनके आकर्षण को बढ़ाता है।

> **दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों की फीस में की गयी अत्यधिक वृद्धि को लेकर जो विवाद छिड़ा है, उससे देश की शिक्षा व्यवस्था के बारे में और भी भयावह जानकारी मिलती है। सरकारी स्कूलों की संख्या कम होती जा रही है और शिक्षकों तथा बुनियादी ढांचे की कमी के कारण उनमें शिक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है। इससे प्राइवेट स्कूलों के पनपने और समृद्ध होने के लिए परिस्थितियां बनती है।**

अभी पिछले फरवरी महीने में ही केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा को बताया था कि 2014-15 और 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आई है और प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल संख्या की बात करें तो सरकारी स्कूलों की संख्या में 89,441 की कटौती की गयी, जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या में 42,944 की वृद्धि हुई। वर्तमान में देश में 10,17,660 सरकारी स्कूल हैं, जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या 3,31,108 है।

सदन में दिये गये आंकड़ों से पता चला है कि भाजपा शासित दो राज्यों- मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक सरकारी स्कूल बंद किये। मध्य प्रदेश ने 29,410 सरकारी स्कूल बंद किये हैं और उत्तर प्रदेश ने 25,126 सरकारी स्कूल बंद किये हैं। इन दोनों राज्यों ने मिलकर देश में हुई कटौती में 60.9 प्रतिशत का योगदान दिया है। पिछले दशक के दौरान उत्तर प्रदेश में 19,305 प्राइवेट स्कूलों की वृद्धि देखी गयी, जो देश में प्राइवेट स्कूलों की कुल वृद्धि का 44.9 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों में गिरावट 24.1 प्रतिशत रही, उसके बाद जम्मू-कश्मीर में 21.4 प्रतिशत, ओडिशा में 17.1 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 16.4 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 15.5 प्रतिशत, झारखंड में 13.4 प्रतिशत, नागालैंड में 14.4 प्रतिशत, गोवा में 12.9 प्रतिशत और उत्तराखंड में 8.7 प्रतिशत रही। प्राइवेट स्कूलों के मामले में, कुल 10 राज्यों ने 14.9 प्रतिशत की औसत वृद्धि को पार कर लिया। बिहार में प्राइवेट स्कूलों में 179.14 प्रतिशत, ओडिशा में 80.36 प्रतिशत, तथा उत्तर प्रदेश में 24.96 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तीन राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जहां प्राइवेट स्कूलों की संख्या में गिरावट आयी, वे थे मेघालय में 5.36 प्रतिशत, एनसीटी दिल्ली में 2.88 प्रतिशत और हिमाचल प्रदेश में 0.27 प्रतिशत। यह कहने की जरूरत नहीं है कि इन राज्यों में सरकारी स्कूली शिक्षा की उपलब्धियां अधिक हैं, खासकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में। अन्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारी स्कूल शिक्षा के मामले में पिछड़े हुए हैं, जिसके कारण वहां प्राइवेट स्कूलों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इससे ही समझा जा सकता है कि पिछले एक दशक में देश भर में प्राइवेट स्कूलों को सरकारी स्कूलों से ज्यादा अहमियत कैसे मिल रही है। इससे प्राइवेट स्कूल छात्रों से अत्यधिक फीस वसूलने में सक्षम हो जाते हैं। एक तरफ परिवारों की वास्तविक आय में गिरावट और दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि की पृष्ठभूमि में इस साल की स्थिति विशेष रूप से अभिभावकों के लिए परेशानी भरी हो गयी है। हाल ही में लोकल सर्किल द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश में पिछले तीन वर्षों में प्राइवेट स्कूलों की फीस में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगभग 93 प्रतिशत अभिभावकों ने फीस वृद्धि को नियंत्रित न करने के लिए सरकारों को दोषी ठहराया है। सर्वेक्षण में देश भर के 309 जिलों को शामिल किया गया। आठ प्रतिशत अभिभावकों ने बताया कि ट्यूशन फीस में वृद्धि 80 प्रतिशत से अधिक है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र को छोड़कर देश में कोई भी राज्य प्राइवेट स्कूल की फीस को नियंत्रित नहीं करता है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26की शुरुआत होते ही देशभर से प्राइवेट स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। दिल्ली में, अभिभावकों का विरोध राजनीतिक हो गया है, क्योंकि राज्य में भाजपा सत्ता में आ गयी है और फरवरी 2025 का चुनाव हारने वाली आप विपक्ष में है। आप को सरकारी स्कूलों की शिक्षा को अधिकांश प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर बनाने का श्रेय दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की संख्या में कमी आयी है। आप ने प्राइवेट स्कूलों में हाल ही में की गयी फीस वृद्धि को लेकर भाजपा शासन पर हमला करते हुए दावा किया है कि सत्तारूढ़ भाजपा और गैर-सहायता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ के अध्यक्ष के बीच संबंध है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली के स्कूलों में अत्यधिक फीस वृद्धि हुई है। यह मुख्यमंत्री से जुड़े 'हितों के टकराव' का एक खुला मामला है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'एक ही संगठन और उसके मुखिया, जिसका मुख्य एजंडा दिल्ली भर में स्कूल फीस बढ़ोतरी को बढ़ावा देना है, भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के चुनाव अभियान में शामिल थे।'

जवाब में, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप फरवरी के चुनाव में हार से निराश है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी के खिलाफ उचित कार्रवाई का वायदा किया है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा अतार्किक फीस बढ़ोतरी का मुद्दा पूरे भारत में एक समस्या है और इसलिए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र के साथ-साथ राज्यों द्वारा उचित नीति प्रतिक्रिया और कानून बनाकर निपटाया जाना चाहिए। केंद्र की वर्तमान शिक्षा नीति सरकारी स्कूली शिक्षा के लिए हानिकारक और प्राइवेट स्कूलों या शिक्षा के निजीकरण के लिए फायदेमंद प्रतीत होती है।



## ललित सुरजन की कलम से

### प्रधानमंत्री या ब्रांड एम्बेसेडर

*'यूं तो व्यक्ति पूजा हर समाज में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है, किन्तु नरेन्द्र मोदी ने इस मामले में सबको पीछे छोड़ दिया है। उनकी जो कार्यशैली है उसे देखकर यह शंका भी उभरती है कि क्या श्री मोदी नेतृत्व क्षमता के समयसिद्ध मानदंडों पर खरे उतरते हैं! वे अपने आपको एक महानायक के रूप में देखते हैं और ऐसा लगता है कि अपनी वृहदाकार छवि निर्मित करने के लिए वे लंबे समय तक प्रतीक्षा नहीं करना चाहते। वे जिस तरह से एक के बाद एक ताबड़तोड़ घोषणाएं कर रहे हैं, योजनाएं पेश कर रहे हैं, अपने पूर्ववर्तियों के छवि-ध्वंस में जुटे हुए हैं वे सब इसी ओर इंगित करते हैं। एक नायक अपने तईं वीर, पराक्रमी, बुद्धिमान, साहसी, उद्यमी सब कुछ हो सकता है, किन्तु वह सच्चे अर्थों में नेता तभी माना जाएगा जब उसमें अपने समाज को साथ लेकर चलने की क्षमता हो। वह आगे रहता है, लेकिन साथी बहुत पीछे न छूट जाए, इसकी भी फिक्र करता है। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सहारा भी देता है। धीरज रखता है कि सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी इन बातों की परवाह करते दिखाई नहीं देते।'*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/01/blog-post_18.html

## पावन प्रसंग

### लंघन रहने से पेट के रोगों से मुक्ति

आयुर्वेद के अनुसार- ज्वरादौ लंघनम् प्रौक्तुम्-अर्थात ज्वर आदि तीव्र रोगों में लंघन अर्थात भोजन छोड़ देना चाहिए। उपवास का यही क्रम तीन दिन अपनाने से तीव्र रोगों से निवृत्ति मिलती है तथा जो जीवनीशक्ति भोजन को पचाने में नियोजित होती थी, वह रोगों से लड़ने और दोषों को नष्ट करने में जुट जाती है।

किसी निश्चित संकल्प को मन में रखकर जब हम थोड़े समय के लिए अन्न इत्यादि का त्याग कर देते हैं तो उसे ही उपवास (लंघन) कहा जाता है। उदाहरण के लिए रोगों के निवारण के लिए मानसिक शांति के लिए व्रत, अनुष्ठान या कल्याण के लिए उपवास करना। इन सभी लक्ष्यों में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य शरीर के रोग निवारण भी है, क्योंकि हमारे पास यदि तमाम भौतिक सुख-संपदाएं हों और हमारे शरीर में पीड़ा उठती रहे, तो हमारा मस्तिष्क उद्विग्न हो उठेगा और मन एकदम अशांत हो जाएगा। जब मन अशांत रहेगा तो अशांतस्य कुतो सुख -अर्थात अशांत व्यक्ति को सुख कहां? वाली कहावत एकदम साकार हो उठेगी। ऐसे समय में तो-महान मनोबल वाला व्यक्ति ही शांत रह सकता है। कुछ पाश्चात्य चिकित्सकों का निर्णय अब प्रकाश में आ रहा है। उनमें इस बात का बड़े जोरों से समर्थन है कि हजारों रुपए के टेबलेट केप्सूल खाने से जितना स्वास्थ्य लाभ होता है, उतना लाभ थोड़े उपवास कर लेने से ही प्राप्त हो जाता है।

उपवास के समय शरीर का शोधन होने से लगता है। हमारे शरीर में जो विपरीत कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं, वे कीटाणु हमारे भोजन से ही भोजन लेना प्रारंभ कर देते हैं और उन कीटाणुओं में अधिकतर कीटाणु ऐसे होते हैं जो बिना भोजन के देर तक जीवित नहीं रह सकते। अतः यदि उपवास कर लिया जाए तो वे विपरीत कीटाणु समाप्त होना प्रारंभ हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त हमारे आमाश्य की कार्यक्षमता भी बढ़ने लगती है। इंजन लगातार चलता रहे, घोड़ा लगातार दौड़ता रहे, मजदूर लगातार काम करता रहे तो थोड़े समय में हम अनुभव करेंगे कि हमारा कार्य उतना ही हो पा रहा है, जितने कि हमको आशा थी। अतः पुनः कार्य को सुचारु रूप से चलने के लिए थोड़ा विश्राम कर लेना आवश्यक है। आमाश्य के बारे में भी यही हालत होती है। एक दिन भी उपवास कर लिया जाए तो उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि हो सकती है और हम पेट के रोगों से अनायास ही मुक्ति पा सकते हैं।

रुचि के अनुसार कभी भी उचित रूप से उपवास किया जा सकता है। उचित का अर्थ-उम्र शरीर का वजन तथा आहार को देखकर ही उपवास करना चाहिए। जो व्यक्ति संतुलित आहार ही लेता है, उसे उपवास करने की उतनी आवश्यकता नहीं होती, जितना कि गरिष्ठ भोजन करने वाले को आवश्यकता होती है। चरबी और अधिक प्रोटीन वाले पदार्थ जैसे- अंडा, मांस आदि खाने वालों के लिए तो उपवास की नितांत आवश्यकता है। उपवास अनेक प्रकार से किया जा सकता है। जैसे एक समय भोजन कर लिया तो दूसरे समय भोजन न करें। इसे एकाहार कहते हैं। दूसरा दोनों समय भोजन तो किया जाए, परंतु भरपेट न किया जाए, आधा पेट ही भोजन करें। तीसरे में केवल, दूध या छांछ पीकर या फलों का रस पीकर ही रहें। चौथे में भोजन में किसी वस्तु की कमी कर लें, जैसे दाल में नमक या हल्दी न डालें। तरकारी में मसाला न डालकर केवल नमक ही डालें। पांचवें प्रकार में दिन भर केवल जल पीकर ही समय काट लें। इस प्रकार कई भाग किए जा सकते हैं। इनमें से जिसको जैसा पसंद आए, उस प्रकार के उपवास का पालन अवश्य कर लेना चाहिए। यदि नियमपूर्वक ऐसा कर लें तो रोगों से बचना संभव हो सकेगा। हमें मन से यह बात अवश्य निकाल देनी चाहिए कि उपवास करने से शरीर कमजोर जाएगा। .यह उपवास तो कमरे में झाड़ू लगाकर सफाई करने के समान है। इस प्रकार की सफाई होती है और शरीर स्वस्थ रहता है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### गोबर, गुस्सा और विश्वविद्यालय की गिरती गरिमा

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा क्लास रूम और प्रिंसिपल के घर पर गोबर लिपने की घटना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक गहरी असंतोष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस विरोध ने सत्ता और शिक्षा व्यवस्था के पाखंड को उजागर किया— जहां एक ओर गोबर को सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है, वहीं जब छात्र उसी प्रतीक का इस्तेमाल विरोध में करते हैं, तो उसे 'असभ्य' करार दिया जाता है। विश्वविद्यालय अब संवाद के नहीं, सत्ता के मंच बनते जा रहे हैं, जहां छात्रों की असहमति को दबाया जाता है। इस असामान्य विरोध ने न केवल व्यवस्था की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी बताया कि प्रतीकों के ज़रिए भी तीखा प्रतिरोध संभव है। जब असहमति की जगह छिन जाती है, तो गुस्सा प्रतीकों के ज़रिए बोलता है — और कभी-कभी गोबर से भी।

घटना के पीछे की कथा-यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस स्थित एक कॉलेज में हुआ, जहां छात्रों ने गोबर लिपकर क्लासरूम को 'पवित्र' करने की कोशिश की। दरअसल, यह 'पवित्रता' का तंज था — एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र 'अपवित्र' मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय, और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लिपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।

गोबर- विरोध का प्रतीक या व्यंग्य-भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह एक ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि यह दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं।

यह विरोध दरअसल उस छद्म सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर चोट करता है जो गाय, गोबर और गंगाजल को पवित्र मानता है, लेकिन दलित, आदिवासी, और वंचित समुदायों की पीड़ा को अपवित्र विषय मानता है।

विश्वविद्यालय ज्ञान का केंद्र या सत्ता की चौकी? भारतीय विश्वविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है, तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', 'गद्दार', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैंपस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन और डर के घेरे बनते जा रहे हैं।

छात्रों के इस कदम को केवल 'असभ्यता' कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है। यह विरोध 'हिंसक' नहीं था, लेकिन 'सुगंधित' भी नहीं था। निश्चित रूप से, गोबर से दीवारें लिपना किसी भी संस्थान के लिए एक अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी। लेकिन यह भी सोचना होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं, तो समस्या केवल छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से ज़ाहिर होता है।

**— प्रियंका सौरभ**

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट के विरोध में कांग्रेस समर्थक उतरे सड़कों पर

## कलेक्टर के अंदर कांग्रेसियों ने दिया धरना, प्रतिबंधात्मक आदेश तोड़ने को लेकर गिरफ्तारी







**जबलपुर, देशबन्धु।** पलायन रोको नौकरी दो यात्रा और केंद्र सरकार द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को मनमाने ढंग से और अन्यायपूर्ण तरीके से जब्त करने एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गाँधी जी,लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जसीट पेश करने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा और पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया और पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच कहा सुनी भी हो गई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री मिश्रा एवं पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष श्री चौकसे ने बताया कि जिस तरह बारह साल पुराने फर्जी प्रकरण में केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर ईडी ने चार्जशीट दायर की है, वह साफ करता है कि भाजपा कांग्रेस की बढ़ते प्रभाव से बौखला गई है।

जिस तरह राहुल गांधी लगातार गुजरात, बिहार में आम जनों के मुद्दों को उठा रहे हैं, इसी से केंद्र सरकार इस तरह बदला लेने का षणयंत्र रच रही है। जिसका सड़कों पर पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। यह भी कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि गांधी परिवार ने देश की एकता अखंडता के लिये अपना बलिदान दिया है। जिसे देश भूलेगा नही, और केंद्र सरकार की कठपुतली ईडी को बेनकाब किया जायेगा। कलेक्टर के अंदर प्रदर्शन के समय इस दौरान श्री मिश्रा और चौकसे के साथ रमेश चौधरी ,वीरेंद्र चौबे, राजेश पटेल, उमेश यादव, सोनू दुबे, प्रतीक गौरत, राजेश सोनकर, सौरभ गौतम, राहुल रजक सचिन रजक पवन कनौजिया, अभय नायडू, महेश कटारे, संजू ठाकुर गोविंद चौधरी, राजेश चौबे विजय पांडे मौजूद रहे।

इधर कलेक्टर के बाहर भी कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर हंगाम कर रहे थे। उक्त मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जा रही थी। हालांकि पुलिस ने कलेक्ट्रेट को छावनी में तब्दील कर दिया था। इसके लिये प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही थी, जिसे पुलिस के आला अधिकारियों ने नियंत्रित करने का काम किया। कांग्रेस ने कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष डा. नीलेश जैन, पूर्व मंत्री कौशिल्या गोटिया, दिनेश यादव, झल्लेलाल जैन, अमरीश मिश्रा, गुड्डू नबी, अयोध्या तिवारी, सतीश तिवारी, रज्जू सराफ, एजाज अंसारी आदि मौजूद थे।

# अब पुन: दुकान, भूखंड आवंटन के लिये निविदा प्रक्रिया

- नई कृषि उपज मंडी को शिफ्ट करने का मामला
- मंडी समिति सचिव की होगी विभागीय जांच
- राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक ने जारी किया आदेश




**जबलपुर, देशबन्धु।** नई कृषि उपज मंडी के लिये अब नये सिरे से निविदा प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके लिये कृषि उपज मंडी बोर्ड के एमडी ने आदेश जारी कर दिये हैं। वहीं मंडी के सचिव पर एक्शन लेते हुये उनकी विभागीय जांच की बात कही गई है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि पूर्व की तरह औंरिया बाय पास कटंगी के पास नई कृषि उपज मंडी शिफ्ट होने का काम यथावत है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नये स्थान पर बनने वाली मंडी की दुकानों के आवंटन के लिये निविदा प्रक्रिया की गई थी, लेकिन उसमें कई तरह की गड़बड़ी थी, जिसे सब्जी व्यापारी संघ ने पहले न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट के आदेश के बाद मंडी बोर्ड को प्रकरण का निराकरण करने कहा गया था। इसी के परिपेक्ष्य में मंडी के एमडी ने 16 अप्रेल को एक परिपत्र जारी किया। इसमें उल्लेख किया गया है कि प्रदेश कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 के उपनियम 19 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मंडी समिति जबलपुर द्वारा प्रसारित निविदा आमंत्रण सूचना 588 एवं 590 दिनांक 24.02.2025 को निरस्त किया जाकर मंडी समिति जबलपुर को निर्देशित किया जाता है कि मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी के नियम 2009 के प्रावधानों के तहत भूखंड, संरचना` आवंटन हेतु पृथक से नवीन कार्यवाही करें।

जारी के अनुसार प्रकरण के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि सचिव, कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर द्वारा नियमानुसार प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया। अत: सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करने की कार्यवाही की जाये। उक्त आदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा जारी किया गया है।

### इनका कहना है

उक्त प्रकरण के संबंध में पत्र मिला है। इसमें पुन: नियमानुसार दुकान, भूखंडों के आवंटन हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू करने कहा गया है, वहीं कृषि उपज मंडी सचिव के खिलाफ विभागीय जांच की बात सामने आई है।

**अभिषेक सिंह,**
**भारसाधक कृषि उपज मंडी जबलपुर**

पूर्व में दुकान आवंटन के लिये मंडी के व्यापारियों को कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय से फार्म नहीं मिल रहे थे, इससे कई मंडी के व्यापारी निविदा प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित हो गये, अब उक्त आदेश के बाद पारदर्शिता के साथ पुन: निविदा प्रक्रिया के तहत् आवंटन होगा, यह व्यापारियों के लिये राहत वाली बात है।

**अजित साहू,**
**अपीलार्थी कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ**

# छूटे हितग्राहियों का पोषण ट्रेकर एप पर कराया गया पंजीयन

**जबलपुर,देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आठ अप्रैल से बाईस अप्रैल तक चलाये जा रहे पोषण पंखवाड़ा के तहत आज बुधवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हितग्राहियों के मोबाइल फोन पर पोषण ट्रेकर एप इनस्टॉल करवा कर उनका पंजीयन किया गया। इसके साथ ही पोषण ट्रेकर एप के हितग्राही मॉड्यूल पर हितग्राहियों की फेस रिकग्निशन तथा ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत छूटे हितग्राहियों का पोषण ट्रेकर एप पर पंजीयन और उनके मोबाइल एवं आधार सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराने के अलावा बुधवार को जन समुदाय के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास स्थित हैंड पंप, नल, कुओं, तालाब जैसे जलस्त्रोतों की साफ-सफाई भी की गई तथा पानी के सदुपयोग एवं वर्षा जल के संचयन का संकल्प लिया गया।



# भंवरताल स्थित तरण ताल एक अप्रैल से शुरू हुआ

**जबलपुर,देशबन्धु।** गर्मी आते ही तैरने के शौकीन लोगों के लिए भंवरताल स्थित तरणताल नगर निगम द्वारा शुरू कर दिया गया है, जहां सुनील कुमार पटेल जो की महाकौशल रत्न अवॉर्डी है तथा खेलो इंडिया के रेफरी रह चुके हैं। इनके कुशल मार्गदर्शन मे प्रशिक्षणार्थियों को कुशलता से प्रशिक्षित किया जा रहा है। सुबह 6 से 10 बजे के बैच तथा शाम को, 4 से 9 बजे तक, तैराकों को तैराकी के गुण सिखाए जा रहे हैं। यहां से प्रशिक्षित तैराक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर चुके हैं। वरुण पटेल 3 बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं, तथा कोलंबो में हुई प्रतियोगिता में पदक भी हासिल कर चुके हैं, तथा सचिन वर्मा जो कि विक्रम अवॉर्डी है, ये भी 5 बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं, तथा पदक भी प्राप्त कर चुके हैं। यहां की एक महत्वपूर्ण बात ये है की यहां भविष्य की होनहार पीढ़ी भी तैयार हो रही है, 11 वर्षीय कबीर कश्यप जो की अभी तक 5 बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर चुके हैं।

# जबलपुर ने मण्डला को चार विकेट से हराया

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जबलपुर संभाग में क्रिकेट गतिविधियों के संचालन के लिए बनाई गई समिति के तत्वावधान में स्थानीय एमपीसीए के नीमखेड़ा स्थित मैदान पर जारी इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर ञ्20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज जबलपुर ने मंडला को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने निर्धारित बीस ओवर में 198 रनों का स्कोर बनाया जिसमें निखिल सिंह ने 68 वरुण तिवारी ने 56 शिवम तिवारी ने 38 रनों का योगदान दिया। मंडला की ओर से ऋषभ भंडारी ने तीन, प्रखर पांडे ने तीन तथा अमन कच्छवाहा ने दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंडला की टीम 19 ओवर में 92 रन बनाकर आउट हो गई।

मंडला की ओर से अनुज परमार ने जिम्मेदारी भरी 57 दिनों की पारी खेली तथा मोहित तिवारी ने 14 रन बनाए शेष कोई बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। जबलपुर की ओर से पारुष मंडल ने शानदार गेंदबाजी की और चार विकेट प्राप्त किए। जबलपुर की ओर से आदित्य मिश्रा और अजय मिश्रा ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। शानदार गेंदबाजी के लिए पारुष मंडल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कल प्रात: 7:30 से छिंदवाड़ा और डिंडोरी तथा कटनी एवं बालाघाट के बीच मैच खेला जाएगा।

# निगमायुक्त ने ई-केव्हायसी के कार्यों में लापरवाही न करने कर्मचारियों को दी हिदायत



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के पत्र 29 मार्च 2025 के अनुसार नगर निगम के साथ-साथ प्रदेश भर में दिनांक 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 31 मई 2025 तक मिशन मोड के रूप में ई-केव्हायसी का कार्य जारी है। इस संबंध में निगमायुक्त प्रीति यादव ने नगर निगम के ईकेव्हायसी के कार्यो में लगे सभी कर्मचारियों को हिदायत दी है कि ईकेव्हायसी के कार्यो को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ समय सीमा में करें। जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्यो में लापरवाही बरती जायेगी उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के साथ-साथ जो कर्मचारी बेहतर ढंग से कार्य करेगा उन कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। ईकेव्हायसी के कार्यो में अब क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी आगे आकर निगम प्रशासन को सहयोग कर रहे हैं।




इसी कडी में संभाग क्र मांक 3 रामपुर में जोन अध्यक्ष राजकुमार पटैल के द्वारा क्षेत्रीय सभी पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर ईकेव्हायसी के कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक के संबंध में अपर आयुक्त अंजू सिंह एवं उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि समग्र आई.डी. का आधार के साथ शत् प्रतिशत ई-केव्हायसी कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है, यह कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। अपर आयुक्त अंजू सिंह ने शतप्रतिशत ई-केव्हायसी कराने में सहयोग करने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि इसके लिए निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा एक पत्र जारी कर राजस्व निरीक्षकों, स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, योजना लिपिक, ऑपरेटर आदि को समग्र और आधार का ई-केव्हायसी करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि समस्त नागरिकों का 100 प्रतिशत ई-केव्हायसी किया जाना है, कोई भी पात्र नागरिक ई-केव्हायसी के आभाव में लाभ से वंचित न हो। उन्होंने बताया कि ई-केव्हायसी के कार्यो के लिए आम जन नगर निगम के संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ एम.पी. ऑनलाइन में जाकर अपना समग्र और आधार का ई-केव्हायसी करा सकते हैं।

उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि समय सीमा में अपना समग्र और आधार का ई-केव्हायसी कराएँ।



# मुख्यमंत्री को पवई महायज्ञ में आने का निमंत्रण

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 में तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में शामिल होने के लिए बुधवार को नगर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को समिति द्वारा यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, इस अवसर पर स्वामी महेन्द्रानंद महाराज जी की आज्ञा से यज्ञ प्रभारी बलराम सिंह यादव, विधायक अशोक रोहाणी मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने पहुंचे, मुख्य मंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर आने का आश्वासन दिया।

# डॉ. शिशिर सोनी का अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में चयन



**जबलपुर,देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर सोनी को अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ कार्डियोलॉजी के फेलो (एफएसीसी) के लिए चुना गया। अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ कार्डियोलॉजी द्वारा डॉ. सोनी को नव निर्वाचित फेलो के रूप में, 28-30 मार्च, 2026 को न्यू ऑरलियन्स, एलए में आयोजित वार्षिक वैज्ञानिक सत्र के प्रतिष्ठित दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। एफएसीसी को कार्डियोलॉजी करियर में एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है जो की डॉ शिशिर सोनी ने 35 वर्ष की आयु में हासिल करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया हैं। इस उपलब्धि पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ नवनीत सक्सेना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ अवधेश प्रताप सिंह कुशवाह, सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के अधीक्षक ले कर्नल डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुहैल सिद्दीकी और जबलपुर शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने बधाई प्रेषित की और इसे एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में सराहा है।

# भारतीय रेल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अनूठे डाक टिकटों की खास प्रदर्शनी


**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के स्थापना दिवस के अवसर पर अनूठे डाक टिकटों की एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में डाक टिकट संग्रहकर्ता श्री अरविन्द मलिक द्वारा सन् 1853 से अभी तक के भारतीय रेल से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। यह आयोजन मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) एस डी पाटीदार के निर्देशन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) अजय कुमार दीक्षित के संरक्षण में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी में भारतीय रेल द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों के अवसर पर जारी डाक टिकटों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। इनमें पहली यात्री रेल, विद्युत कर्षण के 75 गौरवपूर्ण वर्ष, भारतीय रेल के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जारी डाक टिकट प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) अभय कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# वापी-दानापुर-वलसाड के मध्य समर स्पेशल ट्रेन

## पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

**जबलपुर,देशबन्धु।** समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से वापी-दानापुर-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 11-11 ट्रिप रेल प्रसाशन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।



**गाड़ी संख्या 09063 वापी** - दानापुर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को वापी स्टेशन से रात 22: 00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 12:10 बजे, पिपरिया 13: 45 बजे, नरसिंहपुर 15:15 बजे, मदनमहल 17: 00 बजे, कटनी 18:30 बजे, सतना रात 20:00 बजे और तीसरे दिन सोमवार सुबह 08: 00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

**इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09064 दानापुर**- वलसाड स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, सतना रात 21:25 बजे, कटनी 23:00 बजे पहुँचकर अगले दिन मदनमहल मध्य रात्रि 00:30 बजे, नरसिंहपुर 02:02 बजे, पिपरिया 03:30 बजे, इटारसी 05:00 बजे और मंगलवार शाम 18:00 बजे वलसाड स्टेशन पहुँचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**- यह गाड़ी रास्ते मे दोनों दिशाओं में वलसाड, नवसारी, भेस्तान, चलथान, नंदूरबार, अमलनेर, धरनगांव, पालधी, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच कंपोजीशन**- इस गाड़ी में 18 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 124
मुर्गा बड़ा - रु. 908
मुर्गा जम्बो - रु. 908

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 104
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 120
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128

मोबाइल नं. 9300692405

## नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी श्यामदेवाचार्य जी का चतुर्थ पुण्य स्मरण समारोह आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** साकेत वासी परम पूज्य श्रीमद् जगतगुरु डॉ स्वामी श्रीश्याम देवाचार्य जी महाराज का चतुर्थ पुण्य स्मरण दिवस श्री नृसिंह मंदिर शास्त्रीब्रिज में श्री रामरंगी द्वाराचार्य नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्य डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रात: 9 से 10 तक श्री पादुका पूजन अर्चन किया जाएगा तत्पश्चात श्रद्धांजलि/भावांजलि कार्यक्रम एवं पूज्य संतों का उद्बोधन होगा ।

उसके उपरांत भगवान श्री रामजी की प्राकट्योत्सव शोभायात्रा में सम्मिलित रहे विशिष्ट सहयोगी श्री राममंदिर एवं नगर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों/सदस्यों का सम्मान तथा शोभायात्रा में बाल स्वरूप में श्रीराम एवं हनुमान जी की मनमोहक जीवंत झांकी के रूप में सम्मिलित बाल कलाकारों को पारितोषिक वितरण किया जाएगा , तथा दोपहर 12.00 बजे से प्रसाद भंडारा आयोजित है सभी स्नेहीजनों से सदगुरुदेव भगवान के चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर अपने जीवन को धन्य करने का आग्रह श्री नृसिंह मंदिर ट्रस्ट,गीताधाम परिवार,श्री सनातन धर्म महासभा,एवं नगर की समस्त धार्मिक संस्थाओं ने श्रृद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## ये जाने अनजाने छायाकार प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण






**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित कलाविथीका में स्व. शशिन यादव की स्मृति में 48 वा ये जाने अनजाने छायाकार प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ,शिक्षाविद डॉक्टर छाया राय एवं वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र वाजपेई की उपस्थिति संपन्न हुआ, जिसमें श्वेत श्याम वर्ग ,रंगीन वर्ग, वाइल्डलाइफ एवं नेचर वर्ग, के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही, अरविंद यादव की स्मृति में दिया जाने वाला फोटो पत्रकारिता लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमित सोनी को दिया गया, जिसमें प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉक्टर छाया राय ने कहा कि हमारे शहर की धरोहर शशिन जी जैसे लोग है ,उनकी याद में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली है।

**छायाचित्र प्रतियोगिता नए आयाम गढ़ रही-** शशिन ने बहुत अच्छी कविताओं की रचना भी की है, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र वाजपेई ने कहा की शशिन जी ने अपने समय के कई कालजई साहित्यकारों को अपनी कलाकारी से अमर बना दिया है जिनमें हरीशंकर परसाई एवं मुक्तिबोध प्रमुख है, आज की पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए ,उस जमाने में उन्होंने छायाकारी की है जिस जमाने में तकनीक उपयोग आज की तरह नहीं होता था। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा नगर निगम का मोनो शशिन का डिजाइन किया है वे सिर्फ बहुत ही शानदार कलाकार थे,आज उनका पूरा परिवार इस कला से न केवल जुड़ा है बल्कि बहुत ही बढ़िया कार्य इस छेत्र में कर रहा है।

**कलाकारों को मिलता है मंच-** रिंकू विज ने कहा इस तरह के आयोजन शहर के कलाकारों को मंच प्रदान करने में मदद करते हैं, हम लोगों को भी यहां आ कर सुकून मिलता है,मिलन फोटोग्राफी सोसाइटी की इसके लिए सराहना की , कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों ने शशिन जी के चित्र के समक्ष दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया , शशिन जी का संक्षिप्त परिचय विवेक पाण्डे ने दिया जिसे पंकज स्वामी ने लिखा था। संचालन मुकुल यादव ने किया।

**पुरुस्कृत छायाकार-** श्वेत श्याम वर्ग में प्रथम पद्माकर गड़े (इंदौर), द्वितीय पार्थ प्रतिम साह (कोलकात्ता), तृतीय चिन्मय भट्टाचार्य (कोलकात्ता), सांत्वना क्रमश: अखिल हार्डिया(इंदौर),कैलाश मित्तल (इंदौर),मुकेश ,सुरेश खरे (वडोदरा),सीता नाथ पॉल (कोलकात्ता),आशू पटेल (इंदौर) एवं नोमेश दुबे को प्राप्त हुए। रंगीन वर्ग में प्रथम रविंद्र पुन तांबेकर(पूना), द्वितीय कैलाश मित्तल (इंदौर) ,तृतीय सचिन गोटिया (जबलपुर) ,को प्राप्त हुआ सांत्वना क्रमश: ,विवेक जोशी (मुंबई), प्रकाश हथावले (भोपाल), आशु पटेल(इंदौर ),मुकेश श्रीवास्तव(धनबाद ),पलाश रैकवार,गुरविंदर छाबड़ा(इंदौर), अनुश्री, को प्राप्त हुए इसी प्रकार वाइल्डलाइफ एवं नेचर क्षेत्र में प्रथम आशीष बिंद( इलाहाबाद),द्वितीय घनश्याम कोठारी( इंदौर) ,तृतीय चिंता हरण घोष (कोलकात्ता) सचिन मतकर(इंदौर), संजय गुप्ता,श्रीधर चौधरी(जापान ), को प्राप्त हुए इस प्रतियोगिता में 200 प्रतियोगियों के लगभग 1400 फोटो शामिल रहे।

## मंडल रेल कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके जन्म दिन मनाया गया




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब को याद करते हुए उनके द्वारा किये गए लोक हित कारी कार्यो की सरहना करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें याद किया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने मंडल के सभी रेलकर्मी साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के आदर्श जीवन से सीख लेते हुए हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर सामाजिक एकता, अनुशासन, सहिष्णुता और बुद्धिमत्ता से अपने- अपने कर्तव्यों को निभाना है। हमें बाबा साहेब के असीम साहस और जुझारू व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए रेलवे की छवि निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देना है।

इस अवसर पर एडीआरएम श्र आनंद कुमार, सुनील टेलर एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा सहित सभी शाखा अधिकारी के साथ ही अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो एवं डिपो कार्यालयों में रेल कर्मियों द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर.अंबेडकर जी की 134वीं जयंती, उनके चित्र पर माल्यार्पण कर, श्रद्धासुमन अर्पित कर गरिमामय तरीके से मनाई गई।

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत

## समर ड्रिंक/पेय पदार्थ बनाने एकदिवसीय कार्यशाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर मे 'समर ड्रिंक्र/पेय पदार्थ बनाने एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेशज्ञ के रुप में श्री उदय नासेरी, सेवानिवृत प्रशिक्षक, एलईडी कॉलेज, नागपुर एवं डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, जिला नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने विद्यार्थियों को बताया कि शरीर को ठंडा रखने और ऊर्जा देने में समर ड्रिंक का बहुत महत्व है। पारंपारिक भारतीय पेयों में कुछ बहुत ही उपयोगी और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प मौजूद है। गर्मी में स्वथ्य रहने के लिए प्राकृतिक और घरेलू समर ड्रिंक्स को प्राथमिकता देनी चाहिये। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा मौसम के अनुसार स्वास्थ्य लाभ देने वाले सौंफ, पान, कच्चा कैरी, पुदीना, नीबू एवं तरबूज का शरबत बनाना विद्यार्थियो को सिखाया गया और इनसें होने वाले लाभों को भी विस्तृत रुप से बताया गया। जैसे की सौंफ एवं पान का शरबत गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करता है। पुदीना एवं नीबू का शरबत शरीर में डिहाइड्रेशन नही होने देता है। कच्ची कैरी एवं तरबूज का शरबत शरीर में मिनरल्स की पूर्ति करता है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि गर्मी के मौसम में समर ड्रिंक की उपयोगिता हेतु उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे विद्यार्थी गर्मी में कौन से समर ड्रिंक पिये एवं उनके स्वास्थ्य के लिए विभिन्न समर ड्रिंक की विस्तुत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा उन्हें विभिन्न समर ड्रिंक बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. तृप्ति उकास,




डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. स्मिता बेलवंशी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. विभा चौधरी, डॉ. अंकिता सेठी, डॉ. श्रद्धा कनौजिया, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुशील ठाकरे, श्री मनीष गुजराती, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत के साथ महाविद्यालय के 46 उपस्थित रहें।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 17 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की तृतीया नक्षत्र-अनुराधा।**

### मेष
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

### वृषभ
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

### मिथुन
दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार `क- 270-268 आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

### कर्क
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

### सिंह
आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

### कन्या
शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है।

### तुला
गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

### वृश्चिक
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

### धनु
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

### मकर
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है।

### कुंभ
प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा।

**म. 146-337**

1,5,7,8,10,52,74,85,58,07,70,11

## यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से मार्च माह में 1 लाख 22 हजार से अधिक रेल टिकट बुक

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। इसके लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप माह मार्च 2025 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 01 लाख 22 हज़ार 685 टिकटों से 6 लाख 56 हजार 515 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 01 करोड़ 31 लाख 03 हजार 575 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों के बीच इस एप्प की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ अनारक्षित टिकट लेने के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई है। इस एप्प के माध्यम से माह मार्च 2024 में मण्डल वाइस जानकारी इस प्रकार है। **जबलपुर मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 35,170 बुक टिकट से 02 लाख 93 हजार 702 यात्रियों ने यात्रा की जिससे रेलवे को 43 लाख 37 हज़ार 690 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**भोपाल मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 40,033 बुक टिकट से 02 लाख 06 हजार 607 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 46 लाख 27 हजार 255 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। **कोटा मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 47,400 बुक टिकट से 01 लाख 55 हजार 852 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 41 लाख 32 हजार 630 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## पंछियों की प्यास बुझाने रेलवे ने शुरू किया सकोरे लगाओ अभियान



**जबलपुर।** भारत स्काउटस एवं गाइडस जबलपुर मंडल के स्काउट सदस्यों द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकाल में पंछियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही हैं। इस अभियान के चलते आज दिनांक 16 अप्रैल 2025 को जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के द्वारा स्काउट सदस्यों को पंछियों के पानी पीने हेतु सकोरे प्रदान किए गए प्राप्त सकोरे स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न रेलवे कॉलोनी में बंधे जायेंगे पूरी गर्मी इनकी देख रेख भी की जाएगी।

## संपूर्ण ब्राह्मण मंच आवश्यक बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच आवश्यक बैठक एवं प्रति गुरुवार महा आरती समय 7.30 बजे दिन गुरुवार 17 स्थान परशुराम धाम ग्वारीघाट संदर्भ अक्षय तृतीया भगवान परशुराम का अभिषेक 30 अप्रैल को उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन पूर्णतया निशुल्क किया जाएगा। बैठक में सभी मित्र कुल ब्राह्मणों को आमंत्रित किया गया है, धनंजय बाजपेई निशांत शर्मा रावेंद्र तिवारी सीताराम कुरचानिया डॉक्टर अरुण मिश्रा यदुवंश मिश्रा चंद्रशेखर शर्मा आनंद मोहन शर्मा प्रशांत तिवारी सतीश मिश्रा इंजीनियर रविंद्र तिवारी श्रीमती सुधा मिश्रा श्रीमती पुष्पा तिवारी भगवती भारद्वाज आभा तिवारी मिथिलेश तिवारी वनिता मालवीय मधुबाला दुबे मीरा दुबे आदि ने उपस्थित की अपील की है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री संजय भारद्वाज-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री संजय भारद्वाज (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता चौधरी-** सिंधी कैंप मदार टेकरी रोड निवासी राम प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम कुशवाहा-** साईं कॉलोनी संचार नगर दीनदयाल चौक के पास निवासी श्री तुलसीराम कुशवाहा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नमन यादव-** छापर रामपुर वर्मा डेयरी के पास निवासी जय किशन यादव के पुत्र श्री नमन यादव (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लालती चौधरी-** दमोहनाका प्रताप धर्मकांटा के सामने निवासी मोती लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लालती चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र झारिया-** तेवर भड़पुरा बस्ती निवासी गनपत लाल झारिया के पुत्र श्री वीरेंद्र झारिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल विश्वकर्मा-** आईटीआई कटंगी रोड निवासी बिहारी लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री राहुल विश्वकर्मा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल में किया गया।

**कु. नेहा झारिया-** आईटीआई चुंगी नाका के पास निवासी दुर्गा प्रसाद झारिया की पुत्री कु. नेहा झारिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## शासकीय कालोनियों और कार्यालयों, स्कूलों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया जाए

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जबलपुर में शासकीय कर्मचारी कॉलोनी, स्कूल, कार्यालय के आसपास लगातार अवैध अतिक्रमण चल रहा है, वहीं कार्यालयों और स्कूलों के आसपास पान गुटखा नशीले पदार्थो के टपरे खुल रहे हैं। यह अतिक्रमण नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते फल फूल रहे है। इन अवैध अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाते हुए शासकीय कालोनियों, शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किए जाने की आवश्यक कार्यवाही अतिशीघ्र की जानी चाहिए।

कमिश्नर एवं जिला कलेक्टर से संगठन मांग करता है की मामले को संज्ञान में लेकर शासकीय कालोनियों और कार्यालयों एवं स्कूलों के आसपास के क्षेत्र में जो अवैध अतिक्रमण है उन्हें हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जानी चाहिए। संघ के राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, धनराज पिल्ले, रवि जैन, सुधीर पावेल, गोपीशाह, रऊफ खान, मक़सूद अहमद क़ादरी, समर सिंह ठाकुर, मनीष मिश्रा, मनीष झारिया, त्रिलोक सिंह, आर. पी. खनाल, एस बी रजक, अनूप डाहट, निलेष खरे, अषोक परस्ते,महेंद्र प्रधान, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास, समर सिंह ठाकुर, मान सिंह मारको, चन्द्रभान, आदेश विश्वकर्मा, नितिन तिवारी, आषीष कोरी आदि ने कमिश्नर एवं कलेक्टर से मांग की है।

## डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जयंती सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ द्वारा भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इस अवसर पर शंकर लाल गोटिया, शैलेष सिंह लोधी, राजेन्द्र गोटिया, संगीता मेडम, आरती मरावी, निरंजना पाटिल आदि उपस्थित रहे।

# आपत्तिजनक टिप्पणी से जैन समाज में भड़का आक्रोश

## कोतवाली थाने का देर रात किया घेराव

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में जैन समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आडियो वायरल होने से सामाजिक लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित जैन समाज के लोगों ने देर रात कोतवाली थाना का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। आडियो में कथित तौर पर भाजपा नेताओं ने बातचीत के दौरान जैन समाज पर अभद्र टिप्पणी की थी।



सोशल मीडिया में वायरल आडियो में जैन व मुस्लिम समाज को एक बताया जा रहा है। इसके अलावा कलयुग में जैन समाज को रावण का रूप बताया गया है। उत्तर मध्य विधान सभा में स्थानीय विधायक की सहमति से मंडल का नाम जैन समाज के एक मुनि के नाम पर किया जाना बताया गया था। आडियो के वायरल होने के बाद जैन समाज के लोग आक्रोशित हो गये, उन्होंने रात 12 बजे के लगभग कोतवाली थाना का घेराव कर प्रदर्शन शुरु कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

वायरल आडियो करीब 4 मिनट 40 सेकंड का है,जो कथित तौर पर भाजपा की मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला व भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह का है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया गया एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। ऑडियो की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। भाजपा नेता शैलेन्द्रसिंह का कहा है कि आडियो में मेरी आवाज नहीं है। विरोधियों ने मेरी आवाज को मिक्स करके आडियो बनाया है। मैं कई वर्षों से पूर्व मंत्री शरद जैन व भाजपा के जैन समाज के लोगों के साथ जुड़ा हूं। मेरे जैन समाज में पारिवारिक संबंध है। इस संबंध में उन्होंने विजय नगर थाना में शिकायत दी गई है।

# सात जुआड़ी पकड़ाए, पौने दो लाख रुपये की नगदी बरामद

## मकान में चल रहे जुआं फड़ पर क्राईम ब्रांच की रेड

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने माढ़ोताल पुलिस के साथ मिलकर ग्राम पोड़ी किमाढोताल स्थित भारिया गोटियों के खाली पड़े मकान पर आबाद जुएं फड़ पर रेड मारी। जहां से पुलिस ने सात जुआड़ियों को दबोचा, वहीं एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने फड़ और जुआड़ियों के पास से एक लाख 70 हजार पांच सौ रुपये की नगदी व दो कारें जप्त की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच व माढ़ोताल पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम पौड़ी स्थित भारिया गोटियों के मकान में दबिश दी। जहां मकान के बाहर दो कार एक टोयटा इनोवा क्रमांक एमपी 49 जेड 6723 एवं हुंडई कंपनी की आई-20 कार क्रमांक एमपी 20 सीबी 6230 खड़ी हुई थी। पुलिस ने मकान को घेराबंदी करते हुए अंदर दबिश दी। जहां से ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लग रहा था। पुलिस को देखकर एक आरोपी भाग निकला, पुलिस ने मौके से शुभम असाटी उम्र 30 साल निवासी चाँदनी चौक इन्द्राना थाना मंझौली, नरेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 40 साल निवासी ग्राम चनगंवा थाना मंझौली, सतीश जैन उम्र 40 साल निवासी साउथ मिलौनीगंज थाना गोहलपुर, मनोज महेरे उम्र 51 साल निवासी ग्राम पौढ़ी थाना माढोताल, रुपेश सोनी उम्र 38 साल निवासी सुनरहाई चौक सराफा बाजार थाना कोतवाली, सतेन्द्र कुमार रजक उम्र 44 साल निवासी बसुंधरा स्कूल के पास केवलारी हाल- प्रेमनगर बाईट पर्ल होटल के पास थाना गढा व राजकुमार असाटी उम्र 55 साल निवासी वासु डेयरी के पास एसबीआई कालोनी थाना विजयनगर को दबोचा। आरोपियों ने भागने वाले जुआड़ी का नाम बृजेन्द्र कोरी उर्फ डेम निवासी करेली नरसिंहपुर बताया। पुलिस ने जुआड़ियों व फड़ से एक लाख 70 हजार पांच सौ रुपये की नगदी व दोनों कारे जप्त करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआं एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# कई थाना प्रभारी इधर से उधर

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। जिसमें रितेश पांडे को सिविल लाइन थाना प्रभारी बनाया गया है तो वहीं संगीता सिंह को गौरीघाट से मदन महल थाना प्रभारी, हरिकिशन आटनेरे को लॉर्डगंज से गढ़ा ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवीण कुम्हरे को बेलबाग से अधारताल थाना प्रभारी, नवल आर्य को पाटन से लॉर्डगंज थाना प्रभारी, गोपेंद्र सिंह राजपूत को क्राइम ब्रांच से पाटन थाना प्रभारी, सुभाष बघेल को पुलिस लाईन से गौरी घाट थाना प्रभारी, राजकुमार खटीक को अधारताल से बेलबाग, हृदय लाल सिंह ट्राफिक थाना से पुलिस लाईन, प्रवीण सिंह धुर्वे मदन महल से शहपुरा, नेहरू खण्डाते को सिविल लाइन से पुलिस लाइन व जितेंद्र सिंह पाटकर शपुरा से पनागर थाने भेजा गया है।

# आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेलते दो आरोपी पकड़ाए

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर पुलिस ने छोटी लाइन फाटक के पास आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेल रहे दो आरोपियों को धर दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने 77 सौ रुपये की नकदी व दो मोबाइल फोन जप्त किये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छोटी लाईन फाटक के पास दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति के साथ एक युवक खड़ा दिखा। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर नाम पता पूछा। जिन्होंने अपना नाम प्रवीण बिरहा उम्र 33 वर्ष निवासी लालमाटी द्वारका नगर झंडा चौक महेश आटा चक्की के सामने थाना घमापुर एवं जय कुमार केशवानी पिता भामचंद केशवानी उम्र 27 साल निवासी राजुल टाउनशिप बिलहरी थाना गोरा बाजार बताया। पुलिस ने प्रवीण बिरहा तथा जय कुमार केशवानी के मोबाइल पर गूगल क्रम 777 के आगे लिखी लिंक के माध्यम से आईपीएल टीम केकेआर और पंजाब के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच का ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पाया। पुलिस ने आरोपी प्रवीण बिरहा से ओप्पो कंपनी का मोबाइल व सट्टा लगवाडी की रकम 36 सौ रुपये नगद तथा जय कुमार केशवानी से रियलमी कंपनी का मोबाइल व सट्टा लगवाडी की 41 सौ रुपये नकद जप्त करते हुए उनके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में कर रहे थे रिटेलिंग

**जबलपुर,देशबन्धु।** घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में कर रहे थे रिफिलिंग करने वाले दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस अलावा पुलिस ने गैस रिफिलिंग करवाने वाले ऑटो चालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, 2 गैस रिफिलिंग मशीन, नगद 7 हजार 850 रुपये नगद एवं एक ऑटो बरामद किया है। थाना प्रभारी पनागर थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि राहुल चौधरी नाम का युवक उर्दुआ मोड़ के पास परियट में घरेलू गैस सिलेण्डरों से मशीन के माध्यम से आटो में गैस रिफलिंग कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर राहुल चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड श्रीराम कालोनी अधारताल एवं रफलिंग करवा रहे आटो चालक राजेन्द्र श्रीवास्तव उम्र 40 वर्ष निवासी पटेल नगर सुहागी व्हीकल मोड अधारताल को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान राहुल चौधरी ने बताया कि राजेन्द्र चौधरी उर्फ पप्पू निवासी हाउसिंग बोड कालोनी के कहने पर 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी पर आटो में गैस रफलिंग का कार्य करता है।

# फॉरेस्ट की दो सौ एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा

## जनहित याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** उमरिया जिले में बांधवगढ़ से लगी हुई फॉरेस्ट की करीब दो सौ एकड़ जमीन पर लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने को हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित का मामला उमरिया खलौंद निवासी रामलखन सेन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता परिमल चतुर्वेदी, अनुज पाठक, विशेष पांडे व साकेत सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि उमरिया जिले में बड़ा बीट नामक स्थान पर बांधवगढ़ से लगी हुई करीब दो सौ एकड़ जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और उस पर खेती कर मकान बना लिये गये है। उक्त मामले की शिकायत संबंधित वन विभाग के अधिकारियों से लेकर मंत्री तक से की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में प्रमुख सचिव फॉरेस्ट विभाग, उमरिया कलेक्टर, फॉरेस्ट ऑफिसर उमरिया, डिप्टी डायरेक्टर उमरिया को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## भाजपा विधायक तथा उनकी पत्नी के खिलाफ संबंधित प्राधिकारी से करें शिकायत

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर पालिका निगम की राशि से व्यक्तिगत जमीन में विकास कार्य किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए संबंधित प्राधिकारी के समक्ष शिकायत करने की स्वतंत्रता प्रदान की है। याचिकाकर्ता मनीष कुमार साहू की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा से विधायक कमलेश कुमार शाह विधायक है। उनकी पत्नी माधवी शाह पूर्व में नगर परिषद हर्रई की अध्यक्ष थी। इस दौरान विधायक कमलेश कुमार षाह के नाम पर दर्ज जमीन पर लगभग 65 लाख रुपये के विकास कार्य नगर परिषद हर्रई के मद से करवाया गया। इतना ही नहीं सरकारी दस्तावेज में विधायक के नाम पर जमीन दर्ज है परंतु काबिज अन्य व्यक्तियों को बताया गया है। निजी जमीन पर शासकीय राशि से विकास कार्य फर्जीवाड़ा किया गया है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू को करने आदेश जारी किये जाये। याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग,कलेक्टर,एसडीओ,पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू व छिंदवाड़ा,नगर परिषद हर्रई तथा भाजपा विधायक व उनकी पत्नी को अनावेदक बनाया गया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुर्गेश कुमार ने बताया गया कि उक्त निर्देश के साथ युगल पीठ ने याचिका का निराकरण कर दिया है।




## पत्नी व पुत्री को भरण-पोषण राशि दें कुटुम्ब न्यायालय

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुटुम्ब न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश दिनेश कुमार सिंह की अदालत ने पत्नी व पुत्री के हक में तीन हजार रुपये मासिक भरण-पोषण राशि प्रदान करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। अदालत ने कहा है कि आवेदिका को ई-बैंकिंग की सुविधा वाले राष्ट्रीयकृत बैंक में अपना बचत खाता खुलवाएगी। साथ ही उसका विवरण अनावेदक पति को देगी। इसके बाद पति को हर माह राशि उसी खाते में जमा करनी होगी। आवेदिका रजक मोहल्ला गोहलपुर निवासी आरती रजक व किंजल रजक की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार रजक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदिका आरती का विवाह चेरीताल निवासी अनावेदक संजय रजक से हुआ था। 24 सितंबर 2019 को विवाह के बाद पुत्री किंजल का जन्म हुआ। कालांतर में छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होने लगा। विवाह यह झूठ बोलकर किया गया था कि संजय शासकीय सेवा में है। लेकिन बाद में पता चला कि वह प्राईवेट नौकरी करता है। यही नहीं ससुराल वाले बेटा चाहते थे, बेटी पैदा होने पर आवेदिक को प्रताड़ित करने लगे। एक दिन ससुराल से मायके भगा दिया गया। कई बार संपर्क साधने पर वापस नहीं बुलाया। इसीलिए भरण-पोषण राशि के लिये यह मामला दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने उक्त निर्देश दिये।

## सरपंच को पद से हटाने पर रोक अनावेदकों से हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मैहर की ग्राम पंचायत भदनपुर के सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा को पद से हटाने के आदेश पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने एक अपील पर सुनवाई के उक्त निर्देश देते हुए निर्वाचन अपीलीय अधिकारी, पीठासीन अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दरअसल मैहर निवासी बद्री प्रसाद विश्वकर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व ओपी द्विवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पराजित प्रत्याशी रविन्द्र प्रताप सिंह ने एसडीओ के समक्ष चुनाव याचिका दायर कर बद्री प्रसाद का निर्वाचन शून्य करने की मांग की थी। आरोप था कि बद्री प्रसाद ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है। एसडीओ ने जांच के बाद याचिका निरस्त कर दी। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने सरपंच को पद से हटाने का आदेश पारित किया। इस पर बद्री प्रसाद ने अपील पेश की। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# पश्चिम बंगाल से आकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी पकड़ाए

## पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती क्षेत्रांतर्गत नया मोहल्ला स्थित कैपिटल लॉज में रुके दो युवकों को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा है। पकड़े गए युवकों पर रांझी क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस अब दोनों युवकों को थाना लाकर पूछताछ करने में जुटी है। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के निवासी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गोकलपुर रांझी में रहने वाले असलम खान नामक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसके साथ दो युवकों ने 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। दोनों युवक नया मोहल्ला क्षेत्र की एक लॉज में रुके है। जिस पर पुलिस की टीम ने नया मोहल्ला स्थित कैपिटल लॉज में दबिश देकर दोनों युवकों को पकड़ लिया। जिन्हें थाना लॉकर पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए दोनों युवक घुटनों के दर्द को दूर करने वाले तेल के नाम पर ठगी कर रहे है। पुलिस ने लॉज में रुके कुछ अन्य युवकों से भी पूछताछ शुरु कर दी है कि वे यहां पर कब से रुके है और किस काम से जबलपुर आए है।

पश्चिम बंगाल के युवकों के पकड़े जाने के बाद से नया मोहल्ला क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।


In The Court of XXXIX, Civil Judge Class-1 District Court, Jabalpur presiding Officer:

सुभांगी पालो दत्त

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

(MJC SUC/0000049/2025

हेमलता राय ................ आवेदक

Vs

केनरा बैंक ............ अनावेदक

Process Id- /2025

पेशी दि.:-07/05/2025

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हेमलता राय पता- पुराना म.नं. 2236/1 नया 490 ए राईट टाउन जबलपुर म.प्र. ने मृतक विजय शंकर एवं सविता देवी राय निवासी- 2236/01 नियम प्रेम मंदिर राईट टाउन जबलपुर म.प्र. 482002 की कैनरा बैंक शाखा ज्योति टॉकीज जबलपुर, बैंक ऑफ इंडिया शाखा आशीर्वाद मार्केट लार्डगंज जबलपुर से राशि प्राप्ति, उक्त बैंक के लॉकर में रखी हुई सभी सामग्री/ सम्पत्तियां एवं अनावेदकगण क्र. 3 लगामत 38 से सभी शेयरों की राशि प्राप्त करने हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07 मई 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 07 मई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-

टिप्पणी- उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(शुभांगी पालो दत्त)

उन्तीसवें व्यवहार न्यायाधीश

(वरिष्ठ खंड), जबलपुर म.प्र.

र. नं.-150



फौती

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/04/अ-6/2025-2026

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित गुप्ता/ स्व. श्री महेश प्रसाद गुप्ता निवासी 274 भरभूंजा मोहल्ला सब्जी मंडी जवाहरगंज ने नजूल ब्लाक नं. 106 प्लाट नं. 155/1 निर्मित रकवा/ रकवा 143.57 व.फु. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक मृत्यु दिनांक 02.11.2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र .... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 106 प्लाट नं. 155/1 निर्मित रकवा/ रकवा 143.57 व.फु./अवि. हिस्सा ..../ग्राम गलगला रकवा 143.57 व.फु./हे. महेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, शंकरलाल, पिता स्व. आशाराम गुप्ता निवासी जवाहरगंज वार्ड जबलपुर के नाम दर्ज हैं।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 21/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 2/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 02/04/2025

पेशी दिनांक 21/04/2025

तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

र.नं.- 149



न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. 2352/अ-6/2024-25

आवेदक सच्चिदानंद प्रसाद सोनी, सुधीर, संतोष पिता स्व. रामस्वरूप सोनी निवासी महाकौशल नगर अधारताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 1066 ग दिनांक 18/9/95 के माध्यम से मौजा बैतला नं.बं. ... प.ह.नं. 01 स्थित भूमि खसरा नं. 42, 43, 44, 48, 85/2 प्लाट नं. 32 रकवा 2400 व.फु. पर विक्रेता महाकौशल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर द्वारा अध्यक्ष हर्षनाथ सिंह पिता स्व. सी.पी. सिंह से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक..... इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक : 11/04/25

पेशी दिनांक : 22/04/25

नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

र.नं.- 145


## अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर तीन माह में निर्णय लें : हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर तीस दिनों के भीतर निर्णय लिया जाए। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी संजीवन केरकेटा की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता जेवियर केरकेटा सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में कार्यरत थे। पिता के निधन के बाद परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी आ जाने के कारण याचिकाकर्ता पुत्र ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किया।


CHANGE OF NAME/DOB

I, Army No 13763680M Rank HAV NAME SUBASH CHANDER of Presently residing at Vill - DORI DAGER, P/O- DORI DAGER, TEH- AKHNOOR, DISTT-JAMMU (J&K) PIN 185154 do hereby affirm and state as under :-1. I state that I am presently residing at the above mentioned address. 2.I state that the name of my mother VAJSHNO DEVI is mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect, the correct name of my mother is BAISHNO DEVI as per her Aadhar card, and other documents. 3. I state that the Date of Birth of my mother 13/04/1961 is mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect, the correct Date of Birth of my mother is 08/07/1953 as per her Aadhar card, and other documents. 4. I state that the correct name of my mother is BAISHNO DEVI & Date of Birth 08/07/1953 and Same shall be considered in future in all Records.5. I state that for the above mentioned purpose I am producing this affidavit. र.नं. 151



कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID-2025_ UAD_........._1 PRO-43 Date-16/04/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत क्रेशर बस्ती में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 05.08 लाख दो माह | 2,000/- 5080/- | / /2025 |
| 2 | Tender ID-2025_ UAD_417343_1 PRO-43 Date-16/04/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा त्रिपुरी वार्ड अंतर्गत मीत चौराहा के पास रामनाथ प्रजापति के घर के सामने वाली गली में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 2.61 लाख दो माह | 2,000/- 2610/- | 01/05 /2025 |
| 3 | Tender ID-2025_ UAD_........._1 PRO-43 Date-16/04/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत ब्रजमोहन नगर मांडवा बस्ती में सामुदायिक भवन के सामने हूयूम पाईप से नाली निर्माण कार्य। | 1.34 लाख दो माह | 2,000/- 2680/- | / /2025 |
| 4 | Tender ID-2025_ UAD_........._1 PRO-43 Date-16/04/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा वार्ड अंतर्गत अनन्या टेडर्स के सामने श्रीमान राजपूत के घर के सामने से कृष्णा की दुकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 3.22 लाख दो माह | 2,000/- 3220/- | / /2025 |
| 5 | Tender ID-2025_ UAD_........._1 PRO-43 Date-16/04/2025 | संभाग क्र. 01 गढ़ा वार्ड अंतर्गत ओम परिसर कालोनी में रोड शाहीनाका गढ़ा में नाली निर्माण कार्य। | 1.86 लाख दो माह | 2,000/- 3220/- | / /2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर



न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

इश्तहार

रा.प्र.क्र. 1739/अ-6/2024-25

आवेदक रमेश कोष्टा वगै. पिता स्व. रामदास कोष्टा निवासी 1651 दक्षिण मिलौनीगंज जबलपुर द्वारा नजूल ब्लाक 16 प्लाट नं. 154/10 रकवा 316 व.फु. पर विक्रेता/ वसीयतकर्ता/ फौत/ दानकर्ता रामप्यारी कोष्टा पति स्व. रामदास कोष्टा मृत्यु 31/5/21 के उपरांत भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 22/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/4/25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक : 15/04/25

पेशी दिनांक : 22/04/25

नायब तहसीलदार तह. अधारताल, जबलपुर

र.नं.- 144



न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

इश्तहार

रा.प्र.क्रं/3858/अ-6/2024-25

जबलपुर, दिनांक 07.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रभा पाण्डेय पिता चन्द्रकांत पाण्डेय निवासी हृदयनगर तहसील सिहोरा के द्वारा मौजा सुहागी ख.नं. 175/11 रकवा 0.02 भूमि विक्रेता रंगमा आत्मजा भिमलेन वैकटैया ई-पंजीकृत विक्रय-पत्र ए 1 क्रमांक 82 दिनांक 20.06.1996 से क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता रंगमा आत्मज भिमलेन वेंकटैया के नाम दर्ज है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.04.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-7/04/2025

पेशी दिनांक-20/04/2025

अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर

कृति



कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक एमआईजी-।। ए 169 श्रीमती अर्चना दीक्षित पति श्री राजेश कुमार दीक्षित के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.12.2002 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती अर्चना दीक्षित श्री राजेश कुमार दीक्षित ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.02.2011 के माध्यम से डॉ. संजय मोर्या पिता श्री विजय बहादुर मोर्या को विक्रय किया है। अतः डॉ. संजय मोर्या पिता श्री विजय बहादुर मोर्या द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किय गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर

कृति

# शादी समारोह से लौट रहे सराफा व्यापारी की पत्नी सहित मौत

## गोसलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर के पास अनियंत्रित होकर पलटी कार

**सिहोरा, देशबन्धु।** आए दिन हो रही फोरलेन में दुर्घनाएं जिससे लोगों में डर का माहौल बना रहता है, बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे गोसलपुर रामपुर के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलटने से कटनी के सराफा व्यवसायी मनोज कस्तवार और उनकी पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दुर्घटना दोपहर करीब साढ़े 11.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सराफा बाजार कटनी निवासी मनोज कस्तवार पत्नी के साथ जबलपुर में किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। बुधवार सुबह वह अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 21 सीबी 1645 से कटनी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान



गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मनोज कस्तवार और उनकी पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की खबर सुनने के बाद परिजनों और सराफा व्यापारियों में शोक की लहर फैल गई हैं। मौके पर पहुंची गोसलपुर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिहोरा सिविल अस्पताल भेज दिया है।

### दुर्घटना की वजह

जब फोरलेन हाइवे 30 का निर्माण किया गया था, उस समय निर्माण कंपनी के द्वारा सुरक्षा मानकों को बिना पूरा किये ही सड़क बनाई गई है। गोसलपुर के रामपुर सहित कई जगहों पर सड़क किनारे गहरी खाई नुमा गड्ढे बने हुए है, जिसकी मिट्टी की खुदाई कर फोरलेन बनाने और लेवल पूरा लाने को लिए मिट्टी खोदकर तो निकाली गई लेकर गहरी खाई को बंद करने कोई उपाय नही किये गए हैं, जो कि जानलेवा साबित हो रहे। ऐसे में यदि कोई भी छोटा या बड़ा वाहन रोड छोड़कर नीचे उतरता है तो वह सीधा सड़क किनारे खाई में ही गिरेगा, जिससे यदि किसी की मृत्यु न हुई तो भी उसको गंभीर चोटें आएंगी।

# झुरमुट में लगी आग, नर्सरी पेड़ों नुकसान की आशंका

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा हाईवे सड़क किनारे स्थित ग्राम पंचायत गांधीग्राम अंतर्गत ग्राम रामपुर टोला की सरकारी नर्सरी के पास के झुरमुट में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था, आग अभी भले ही कम है पर रामपुर सहित आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि, घनी झाड़ियों और सूखे पत्तों के कारण आग तेजी से फैल रही है। इस आग के कारण सरकारी नर्सरी में लगे विभिन्न प्रकार के वृक्षों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। नर्सरी में कई कीमती पौधे और छोटे वृक्ष लगाए गए हैं, जो इस आग की चपेट में आ सकते हैं।

ग्राम रामपुर में ग्राम पंचायत गांधीग्राम द्वारा निर्मित लगभग 10 एकड़ में फैली नर्सरी में यूकेलिप्टस ,बॉस , इमारती इत्यादि के हरे-भरे झाड़ लगे हुए हैं। बुधवार शाम के समय उक्त स्थान पर किसी ने कचरे में आग लगा दी गई जिससे आग फैलती हुई नर्सरी तक पहुंच गई और धीरे धीरे बढ़ती हुई कचरे की आग पूरी नर्सरी के कई बांस के वृक्ष एवं यू के लिप्टिस के वृक्षों की ओर बढ़ रही थी।



उक्त नर्सरी में रामपुर से लेकर गोसलपुर बरनू तिराहा स्थित काष्ठागार तक बांस,यू के लिप्टिस सहित अनेक वृक्ष लगे हुए हैं। इसी नर्सरी मैं बीच-बीच में लगभग 7 से 8 ढाबे खुल गए हैं बताया जाता है कि इस नर्सरी में वृक्षों की नीचे लगे हरी हरी घास चरने के लिए गाय, बैल, भैंस, बकरी इत्यादि आते हैं,और वृक्ष की छांव में शरण लेते है कभी कभी यह जानवर ढाबों के आस पास भी बैठ जाते हैं जानवर यहां तक ना आवें इसकी वजह से कुछ लोग नर्सरी की घास को जला देते हैं। समाज सेवक रामराज पटेल का कहना है कि गत वर्षों में भी नर्सरी में आग लगाई गई थी जिसे उनके द्वारा मित्रों सहित आग को बुझाया गया था किन्तु नर्सरी की सुरक्षा के लिए प्रशासन व विभाग ध्यान नही दे रहा हैं।

## सार-समाचार

### डेढ़ घंटे गुल रही शाम को बिजली परेशान हुए नगरवासी

**बरेला, देशबन्धु।** शाम 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक कटौती होने से नगर में कोहराम मच गया। डेढ़ घंटे हुई बिजली कटौती के कारण आमजन तथा व्यापारी वर्ग परेशान होते रहे ।बताया जाता है कि इस बीच लोग लाइन मेन तथा विद्युत मंडल के अधिकारियों को फोन करवाते रहे, किंतु सभी के फोन स्विच ऑफ आते रहे। बताया जाता है कि डेढ़ घंटे बिजली कटौती होने से जहां आमजन परेशान हो गए तो वहीं दूसरी ओर व्यापारी वर्ग भी शाम को बिजली न होने से चिंतितदिखाई दिए। जब रात्रि 8 बजे बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली बताया जाता है कि यह बिजली 132 केवी लाइन में सप्लाई बंद होने के कारण मनेरी से ही बंद की गई थी। मनेरी से विद्युत कटीती होने का करण अभी तक अज्ञात है। बताया जाता है कि उच्च अधिकारियों द्वारा इस संबंध में ना ही लोगों कोई जानकारी दी गई नाही कोई ठोस कारण दिया गया। इस संबंध में जब जे ईको फोन लगाया गया तो उनका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा था।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के मंगल भवन गांधी वार्ड सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श सिविल शिविर का आयोजन 17 अप्रैल सुबह 11 से 4 बजे तक किया गया है अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा मरीजों की सभी तरह की बीमारियों के लिए निशुल्क जांच एवं दवाइयां का वितरण किया जाएगा स्वास्थ्य सेवा समिति पनागर के अध्यक्ष विमल जैन उपाध्यक्ष विजय पटेल देवरी सचिव अजीत चौधरी आदर्श व्यापारी संघ के अध्यक्ष पदम मोदी नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष योगेश केसरवानी सर्राफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अभिनंदन चौधरी वैश्य समाज महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक सोनी महिला मंडल की की अध्यक्ष रजनी सोनी नीलू केसरवानी श्री शांतिनाथ महिला परिषद के अध्यक्ष श्रीमती पिंकी जैन मोदी सचिव स्वाति जैन समस्त लोगों से उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### पंचकल्याणक के आयोजन कर को लेकर बैठक आयोजित

**पनागर, देशबन्धु।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य तपस्वी आचार्यश्री समय सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में भगवान शांतिनाथ स्वामी की नगरी पनागर में 15 मई से सात दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव होने जा रहा है कार्यक्रम को लेकर बाजार मंदिर धर्मशाला में प्रबंधकारनी के सानिध्य मैं विशेष बैठक का आयोजन किया गया अध्यक्ष राजेश कटंगा द्वारा सभी लोगों को जुट जाने हेतु कहां क्योंकि समय कम है और कार्य बहुत बड़ा है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपनी-अपनी कार्य में लग जाए। श्री जैन प्रबंधकारनी सभा के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य के अलावा युवा वर्ग उपस्थित थे सभी में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**आचार्य गुरुवर समय सागर महाराज का मिला आशीर्वाद**

### दो सालों से मायके में रह रही थी पत्नी, पति ने किया वीडियो कॉल, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया वायरल

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पति द्वारा अपनी पत्नी का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब पत्नी ने पति की इस हरकत का विरोध किया, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद दो वर्षों से जारी था, जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी। हाल ही में, पति ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और उसे एक शर्त पर मानने को कहा- जो मैं कहूंगा, तुम्हें करना होगा। उसके बाद मैं तुम्हें अपने घर ले चलूंगा। जब पत्नी ने इस पर सहमति जताई, तो पति ने उसका वीडियो कॉल पर एक आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ के अनुसार, महिला को जब इस बात का पता चला तो उसने तुरंत अपने पति के घर जाकर आपत्ति जताई। आरोपी पति ने इस पर महिला के साथ मारपीट की। महिला के दो बच्चे हैं, 2016 में विवाह हुआ था। दो साल पहले ही पति पत्नी का विवाद हुआ था। इसको लेकर पत्नी दो सालों से मायके में रह रही थी ।महिला ने घटना के बाद तुरंत थाने जाकर पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई।

# शासकीय होम साइंस कॉलेज में सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय होम साइंस कॉलेज व विज्ञान महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। उन्नति फाउंडेशन के द्वारा एक माह के लिए आयोजित सॉफ्ट शिविर में कॅरियर की सफलता के लिए आवश्यक स्किल्स, टीमवर्क, पारस्परिक संचार कौशल, नेतृत्व प्रस्तुति आदि सभी तरह के सॉफ्ट स्किल को सिखाया गया। उन्नति फाउंडेशन की श्वेता गुप्ता ने सभी कक्षाओं का संचालन किया। शिविर में बीएससी चतुर्थ और एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने हिस्सा लिया। शिविर में समिति के सभी सदस्य डॉ. रश्मि सिंगरोरे, डॉ. दुर्गा मिश्रा, डॉ. सोमकांत, डॉ. महिमा बैरागी, डॉ. मनीषद्य जैन, डॉ. निशा सिंह, अंजू कांवर, रोशनी हल्दकार एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति जैन की उपस्थिति रही। एक माह का कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता चौबे के द्वारा कराया गया। शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर शुक्ला के मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित किया गया।

# गेहूं खरीदी केंद्र प्रारंभ न होने से अन्नदाता परेशान

**बरेला, देशबन्धु।** अप्रैल का आधा माह बीत जाने के पश्चात भी क्षेत्र में खरीदी केंद्र शुरु न होने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि बैसाख का महीना प्रारंभ हो चुका है तथा क्षेत्र के ज्यादातर किसानों की गेहूं भी कट चुकी है। इसके बावजूद अभी तक समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने से किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि धान खरीदी में हुए फर्जीवाड़े में जहां वेयरहाउस कॉरपोरेशन, सहकारिता विभाग और मिल मालिक की मिलीभगत सामने आई है। धान के फर्जीवाड़े में किसान का कोई हाथ नहीं है तो उसकी सजा उनको क्यों मिल रही है। अभी तक गेहूं खरीदी न होने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों को जहां फसल आने के पश्चात विभिन्न लेनदेन करने होते हैं तथा आने वाली फसल की तैयारी के लिए भी बाजार से खरीदी करना पड़ता है, किंतु खरीदी केंद्र शुरु न होने के कारण उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।



बताया जाता है की शासन द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य पर बोनस सहित 26 सौ रुपए प्रति क्विटल तय किया गया है तो वहीं बाजार में व्यापारियों द्वारा यह गेहूं तो मुश्किल 2 हजार से लेकर 22 सौ तक खरीदी जा रही है। खुले बाजार में कम मूल्य होने के कारण किसानों को घाटा उठाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जहां बड़े किसान अपनीगेहूं बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर छोटे-मोटे किसानों ने अपनी गेहूं व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन के साथ बेच दी है। समर्थन मूल्य पर खरीदी में देरी के कारण क्षेत्रीय किसानों को घाटा उठाना पड़ रहा है। देवरी निवासी कृषक नितिन पटेल का कहना है कि अभी तक क्षेत्र में गेहूं खरीदी के एक भी केंद्र घोषित नहीं किए गए हैं, जिसके कारण वह उपज बेचने के लिए परेशान हैं वहीं दूसरी ओर स्थानिक कृषक अजय पटेल का कहना है कि खरीदी केंद्र के न खुलने के कारण किसानों को अपनी फसल की तकवारी भी करना पड़ रहा है तथा रखरखाव भी करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्र शुरु होने से जहां उनकी फसल सुगमता से बिक जाएगी तथा आने वाली राशि से वह अपने अन्य कार्य भी समय पर कर सकेंगे, किंतु स्थानीय प्रशासन के द्वारा अभी तक क्षेत्र में गेहूं खरीदी केंद्र प्रारंभ करने की घोषणा नहीं की गई है, इसके कारण किसान अपनी फसल होने पौने दामों पर व्यापारियों को बेचने मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही खरीदी केंद्र प्रारंभ नहीं किए गए तो वह आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, इसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# पोषण पखवाड़ा: स्वस्थ जीवन जीने के लिए दी आवश्यक जानकारी

**पनागर, देशबन्धु।** महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग और सुपरवाइजर लक्ष्मी पंजाबी के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण, और वृद्धि निगरानी के बारे में जानकारी दी गई ।महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में बताया गया।ष्ट्रस्रू कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई और इसके महत्व को समझाया गया।

कार्यकर्ताओं के द्वारा महिलाओं और बच्चों को प्रेषण टिकर एप के बारे में बताया गया और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सुमन कोरी, शोभा डौरी, चंपा लोधी, आरती झारिया और सहायिका मीना केवट, धन्ना डोरी, अर्पणा हेतुवाय उपस्थित थीं ।महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें।

इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सकता है और उन्हें स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया गया ओर बच्ची ओर महिलाओं को जागरूक किया गया जिससे उनके आने वाले भशादी समारोह से लौट रहे, सराफा व्यापारी की पत्नी सहित मौतविष्य में उनको आगे बढ़ने के लिए हमेशा तत्पर रहे।

# पनागर में वाहन चोर गिरोह सक्रिय

**पनागर, देशबन्धु।** विद्यासागर वार्ड कमानिया गेट के अंदर चोरी की वारदातों का ग्राफ बढ़ने लगा है. पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ पहले लगातार चोरों के द्वारा घरो में घुसकर. कीमती सामान, नगद राशि. गहने आभूषणों की चोरियां की जाती रही,किंतु कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

**नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला**-मेन बाजार से लोगों के घरों के सामने से टू व्हीलर. मोटरसाइकिलों की चोरियां बढ़ रही हैं पनागर में अब मोटरसाइकिलो पर वाहन चोर गिरोह सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत का वातावरण बना दिया है। विद्यासागर वार्ड मुकेश गुप्ता की किराना दुकान के बाहर खड़ी एक्सिस सुजुकी गाड़ी चोरी की गई मोटरसाइकिल ही चोरी की बाजार में इन दिनों जमकर चर्चा चल रही है। सीसी टीव्ही कैमरे में कुछ युवाओं द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल को कैमरे में देखकर रहवासियों के होश उड़ चुके है। मोटरसाइकिल तो चोरी हो गई लेकिन अनेक सवालों को जन्म दे गई-सूत्रों की माने तो वाहन चोर गिरोह में लगभग 7 से 8 लोगों की टोली की जानकारी मिल रही है जिनमें से कुछ पढ़ने वाले बच्चे भी शामिल है विस्तृत जानकारी तो वाहन जप्त करने वाली टीम ही दे सकती है, किंतु इन वाहन चोर गिरोह ने स्थानीय लोगों के

## लगातार हो रही है चोरियां




साथ-साथ. पुलिस प्रशासन को भी परेशान कर रखा है। ताजा मामला वाहन चोरी का 15/4 /2025 की बीती रात का बताया जा रहा है। बड़े स्कूल से कमानिया गेट गली में वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएन 3393 एक्सिस सुजुकी जिसमें कलर की पट्टी बनी हुई है। दिनदहाड़े लगभग 3.38 बजे चोरी हो गया, जिसकी रिपोर्ट वाहन मालिक मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा पुलिस थाना पनागर में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जबलपुर जिला पुलिस अधीक्षक से आग्रह है कि अति शीघ्र इन वाहन चोर गिरोहों का पर्दाफाश किया जाए, जिससे क्षेत्र में हो रही चोरियों में विराम लग सके।

# मातृभाषा उन्नयन संस्थान का लोकार्पण समारोह आयोजित

## वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. केएल जैन की पुस्तक 'जीवन के मूल मंत्र' लोकार्पित

**जबलपुर, देशबन्धु।** मातृभाषा उन्नयन संस्थान जबलपुर इकाई के द्वारा गत दिवस वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. केएल जैन (पीएचडी, डी. लिट्) पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा मप्र की पुस्तक 'जीवन के मूल मंत्र' का लोकार्पण एवं विमर्श का आयोजन इको कृष्णा सिटी में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीए. मनोज जैन अध्यक्ष विंध्य महाकौशल रीजन दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि राकेश राकेंदु, डॉ.


रंजना जैन, वरिष्ठ साहित्यकार नरेश जैन जोगी रहे। मुख्यवक्ता कवि अजय मिश्रा अजे, कवि अरिहंत जैन अमन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री जैन पंचायत सभा मुकेश फणीश ने की। कवि अमित जैन मौलिक ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि डॉ.केएल जैन भारत के ऐसे साहित्य मनीषी हैं, जिनके मार्गदर्शन में 32 पीएचडी और अनेक शोधग्रंथ प्रकाशित हुए।



भारत सरकार के पूर्व सलाहकार अनेक सरकारी कमेटियों के अध्यक्ष, सदस्य, विभागों के प्रभारी रहे तथा प्राचार्य रहे है। उन्होंने माँ हिंदी की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित किया है। आज उनकी पुस्तक 'जीवन के मूल मंत्र' के मूल की मार्मिकता उनकी उपस्थिति में प्राप्त होना गौरव की बात है। आयोजन के मुख्य अतिथि सीए मनोज जैन ने भी पुस्तक में वर्णित एक लेख यह जिंदगी हमे लीज पर मिली है, रजिस्ट्री के चक्कर में न रहें। निबंध की मार्मिक व्याख्या प्रस्तुत की। मुख्यवक्ता के रूप में कवि अजय मिश्रा अजेय ने बताया कि जीवन के मूल मंत्र कृति के हिंदी साहित्य दोनों हाथ पसार कर स्वीकार करेगा, क्योंकि इस पुस्तक में आज वर्तमान परिस्थितियों से ग्रसित एवं मूर्छित समाज को संजीव की तरह जीवंत करने की सामर्थ है।

अरिहंत जैन अमन ने भी अपनी कविताओं के साथ पुस्तक के विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि कवि राकेश राकेंदु, डॉ रंजना जैन प्रोफेसर, तथा वरिष्ठ साहित्यकारनरेश जैन जोगी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अध्यक्षता उद्बोधन देते हुए श्री मुकेश फणीश ने 'जीवन के मूल मंत्र' कृति को अधिक से अधिक पाठकों तक पहुंचाने पर जोर दिया। कृतिकार डॉ केएल जैन ने बताया कि यह पुस्तक भगवान पार्श्वनाथ की कृपा से अपना साकार रूप ले पाई है। इस अवसर पर मातृभाषा उन्नयन संस्थान के सभी सदस्य एवं प्रथम एजुकेशन सेंटर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा कुंडम मंडल के नए पदाधिकारियों ने किया विधायक बरकड़े का सम्मान



**कुंडम, देशबन्धु।** भाजपा मंडल कुंडम के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सिहोरा विधानसभा के विधायक संतोष बरकड़े के निज निवास पड़रिया में पहुंचकर उनका सम्मान किया। विधायक ने सभी पदाधिकारियों का तिलक, मिठाई, माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंडम राजेश साहू, मंडल महामंत्री राहुल निगम, संतकुमार बरकड़े, मंडल उपाध्यक्ष विनोद दुबे, लोटन सिंह उयूके, आशा मार्को, उषा मरावी, सुशीला झारिया, मंडल मंत्री पंचमी बाई, कुमारी खुशी आर्मो, पंचम सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा मरावी, भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेता अनिल मरावी, पवन दीवान उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान केएफसी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**लाहौर, ( आईएएनएस )।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इजरायल विरोधी प्रदर्शन के दौरान अमेरिकी फास्ट-फूड चेन केएफसी के एक कर्मचारी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि, 15 अप्रैल को सुबह-सुबह बड़ी संख्या में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं ने आउटलेट पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ के सदस्यों पर गोलियां चलाईं। आसिफ नवाज नाम के एक कर्मचारी को गोली मार दी गई, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। 45 वर्षीय नवाज को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया, पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बदमाश भाग चुके थे। उन्होंने बताया कि तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और जांच जारी है। एक दिन पहले ही टीएलपी समर्थकों ने रावलपिंडी में केएफसी आउटलेट को निशाना बनाया था और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था।

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के 125 प्रतिशत जवाबी शुल्क पर 245 फीसदी टैरिफ का ऐलान

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध और गहरा गया है क्योंकि अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के 125 प्रतिशत जवाबी शुल्क पर नाराजगी जाहिर करते हुए उस पर 100 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। यानी चीन पर अब कुल 245 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान वाइट हाउस ने किया है। इस बीच, ट्रंप ने चीन के पड़ोसी देश उत्तर कोरिया को भी चेतावनी दी है। हालांकि, यह चेतावनी टैरिफ से जुड़ी नहीं है। नई चेतावनी जारी करते हुए अमेरिका ने दक्षिण कोरिया में दो सुपरसोनिक बमवर्षक विमान भी भेजे हैं, जिसने उत्तर कोरिया से सटे और उसके दुश्मन देश दक्षिण कोरिया के आसमान में अपना प्रदर्शन किया है। मंगलवार को इस क्षेत्र में अमेरिका के इस कदम को एक शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, वैश्विक शांति दूत का सपना देख रहे ट्रंप उत्तर कोरिया को पूर्ण रूप से परमाणु मुक्त देश बनाना चाहते हैं और परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने पुराने लक्ष्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं लेकिन उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन लगातार परमाणु हथियारों का विस्तार कर रहा है। मंगलवार को अमेरिका ने दो सुपरसोनिक बमवर्षक विमान भेजकर दक्षिण कोरिया के साथ न केवल संयुक्त युद्धाभ्यास किया बल्कि उत्तर कोरिया को ये चेतावनी भी जारी की कि अगर उसने अपने मंसूबों पर लगाम नहीं लगाया तो अमेरिका उस पर ताबड़तोड़ हमले कर सकता है।

**क्या है सुपरसोनिक बमवर्षक विमान**

दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी वायु सेना मुख्यालय के अनुसार, सुपरसोनिक बी-वीठी बमवर्षकों की एक जोड़ी ने पश्चिमी दक्षिण कोरिया के हवाई क्षेत्र में दो अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों और दो दक्षिण कोरियाई एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास किया है। इस सुपरसोनिक बमवर्षक विमान को लांसर के नाम से भी जाना जाता है। यह अमेरिकी वायु सेना के भंडार में पारंपरिक हथियारों से लैस सबसे बड़ा बमवर्षक विमान है, जो 75,000 पाउंड तक के बम और मिसाइल ले जा सकता है।



यह अंतरमहाद्वीपीय उड़ान भरने और हमले को अंजाम देने में सक्षम है। यह ध्वनि की गति से भी तेज मैक 1.2 की गति से यात्रा कर सकता है, इसीलिए इसे सुपरसोनिक बॉम्बर कहा जाता है। हालांकि, लांसर को 2007 से परमाणु हमले मिशन के लिए सुसज्जित नहीं किया गया है,लेकिन यह दुनिया में कहीं भी, किसी भी समय, किसी भी विरोधी के खिलाफ बड़ी मात्रा में सटीक और गैर-सटीक हथियार तेजी से पहुंचाने में सक्षम है।

।

**अमेरिका का संकल्प सिर्फ एक सपना: किम यो जोंग**

पिछले हफ्ते ही किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अपने देश को परमाणु हथियार मुक्त बनाने संबंधी संकल्प को लेकर अमेरिका और उसके एशियाई सहयोगियों पर निशाना साधा था और उन देशों के इस संकल्प को एक सपना करार दिया था। पिछले सप्ताह अमेरिका ने दक्षिण कोरिया और जापान के शीर्ष राजनयिकों की बैठक में उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया था। इसी पर उत्तर कोरिया की शीर्ष विदेश नीति अधिकारी किम यो जोंग ने यह प्रतिक्रिया दी है। किम यो जोंग ने कहा था कि परमाणु हथियारों का विस्तार व संरक्षण उत्तर कोरिया के संविधान में शामिल है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने संबंधी कोई भी बाहरी चर्चा एक बहुत शत्रुतापूर्ण कृत्य और देश की संप्रभुता को नकारने के समान है। सरकारी मीडिया में प्रकाशित व प्रसारित बयान में उन्होंने कहा, यदि अमेरिका और उसकी अधीनस्थ ताकतें परमाणु निरस्त्रीकरण पर जोर देती रहेंगी... तो इससे उत्तर कोरिया को ही फायदा होगा, जो आत्मरक्षा के लिए सबसे मजबूत परमाणु हथियार के निर्माण की आकांक्षा रखता है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु हथियार स्थिति को किसी भी भौतिक शक्ति या चालाकी से कभी भी पलटा नहीं जा सकता।

### नॉर्थ कोरिया के पास कितने परमाणु हथियार?

परमाणु हथियार संपन्न 9 देशों में उत्तर कोरिया भी एक देश है। उत्तर कोरिया ने 2006 में पहला परमाणु परीक्षण किया था। माना जा रहा है कि उसके पास 50 परमाणु हथियार हैं। किम जोंग उन लगातार परमाणु हथियार बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। हाल ही में उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था, जो अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंचने में सक्षम है

## आज का इतिहास

1349- हसन की हत्या से माज़ंदरन में बावन वंश का शासन समाप्त हुआ।

1521- मार्टिन लूथर का परीक्षण उनकी शिक्षाओं पर डाइट ऑफ वर्म्स की सभा के दौरान शुरू हुआ।

1524- जियोवानी दा वेराज़ानो न्यूयॉर्क बंदरगाह पर पहुंचा।

1799- श्रीरंगपट्टनम की घेराबंदी शुरू। 4 मई को टीपू सुल्तान की मौत के साथ इसका अंत हुआ।

1869- मोरेलोस को मेक्सिको के 27वें राज्य के रूप में स्वीकार किया गया।

1895- चीन और जापान के बीच शिमोनोसेकी की संधि पर हस्ताक्षर हुए। यह प्रथम चीन-जापानी युद्ध के अंत का प्रतीक है,

1941- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

## टैरिफ पर अमेरिका से डील के लिए चीन ने बदला टॉप अधिकारी, कैसे ट्रंप फैक्टर हावी

**बीजिंग।** टैरिफ पर अमेरिका से डील के लिए चीन ने बदला टॉप अधिकारी, कैसे ट्रंप फैक्टर हावी चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच अपने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताकार के रूप में ली चेंगगांग को नियुक्त किया है। उन्होंने वांग शोवेन का स्थान लिया है, जो 2020 में अमेरिका-चीन व्यापार समझौते में प्रमुख भूमिका निभा चुके हैं, उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही थे। जानकार मानते हैं कि यह बदलाव सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि अमेरिका में ट्रंप की सख्त व्यापार नीति के जवाब में एक सधा हुआ कदम हो सकता है। एक्सपर्ट इसे ट्रंप फैक्टर की सीधी प्रतिक्रिया मान रहे हैं।

**कौन हैं ली चेंगगांग?**- ली चेंगगांग चीन के वाणिज्य मंत्रालय में अनुभवी अफसर रहे हैं। वे विश्व व्यापार संगठन से जुड़े मामलों के विशेषज्ञ माने जाते हैं और व्यापार वार्ताओं में अधिक आक्रामक रुख के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति यह संकेत देती है कि चीन अब अमेरिका के साथ किसी भी संभावित व्यापारिक तनाव के लिए पहले से तैयार रहना चाहता है। 58 वर्षीय ली ने पेकिंग विश्वविद्यालय और जर्मनी के हैम्बर्ग विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने चीन के वाणिज्य मंत्रालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिसमें संधि और कानून विभाग तथा निष्पक्ष व्यापार विभाग शामिल हैं। हाल ही में अमेरिका ने चीन से आयातित वस्तुओं पर 145त्न तक के टैरिफ लगाए हैं, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 125 प्रतिशत तक के टैरिफ लागू किए हैं। इन टैरिफों के चलते दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव और बढ़ गया है। चीन की अर्थव्यवस्था ने 2025 की पहली तिमाही में 5.4त्न की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ते टैरिफों के कारण आने वाले महीनों में यह वृद्धि धीमी हो सकती है। **ट्रंप फैक्टर क्यों अहम**- 2025 में राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चीन को चेतावनी दी है कि यदि चीन व्यापार नियमों में पारदर्शिता नहीं दिखाता, तो अमेरिका एक बार फिर सबसे बड़ी टैरिफ जंग शुरू कर सकता है।

## पाक-अफगान- तनवापूर्ण संबंधों को सुधारने की बैठक, काबुल में दोनों देशों के अधिकारियों ने लिया हिस्सा

**इस्लामाबाद, ( आईएएनएस )।** अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि राजदूत सादिक खान बुधवार को पाकिस्तान-अफगानिस्तान संयुक्त समन्वय समिति (जेसीसी) की दूसरे दौर की बैठक में भाग लेने के लिए एक दिवसीय दौरे पर काबुल पहुंचे। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देशों के संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। जेसीसी की बैठक 16 महीने बाद हो रही है। अफगान तालिबान पक्ष का प्रतिनिधित्व उप रक्षा मंत्री मुल्ला अब्दुल कयूम जाकिर करेंगे। जाकिर ग्वांतानामो के पूर्व बंदी हैं और जिन्हें मुल्ला दादुल्ला की मौत के बाद से सबसे खतरनाक तालिबान कमांडर माना जाता है। वह पाकिस्तान के प्रति सख्त रुख रखते हैं। पाकिस्तान अफगान तालिबान पर आरोप लगाता रहा है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूच आतंकवादी संगठनों सहित अन्य आतंकी ग्रुप को समर्थन देता है जो पाकिस्तान पर हमले करते हैं।

# चीन पर अब लगेगा 245 प्रतिशत टैरिफ, ड्रैगन पर और सख्त हो गए डोनाल्ड ट्रंप, वजह भी बताई

अमेरिका ने चीनी सामान के आयात पर 245 पर्सेंट के टैरिफ का ऐलान किया है। अब तक यह 145 फीसदी लग रहा था, लेकिन जब चीन ने भी जवाबी ऐक्शन लेते हुए चीनी आयात पर टैरिफ 125 फीसदी तक कर दिया तो अमेरिका ने भी इसमें इजाफा किया है।

वाइट हाउस की ओर से मंगलवार देर रात यह जानकारी दी गई है कि चीनी सामान के आयात पर अब 245 फीसदी का टैरिफ लगेगा। अब तक चीन पर 145 पर्सेंट का टैरिफ लगाया जा रहा था, लेकिन मंगलवार को इसमें एक साथ 100 पर्सेंट का इजाफा कर दिया गया। अमेरिका की ओर से यह फैसला बेहद सख्त है, जबकि उसने भारत समेत तमाम देशों पर लगाए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक लिया है। माना जा रहा है कि इस अवधि में अमेरिका के साथ अन्य देश ट्रेड डील कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच तो बैकचैनल से ट्रेड डील पर मंथन भी शुरू हो गया है। चर्चा है कि इसके लिए मई से मीटिंग्स का दौर भी शुरू हो सकता है। चीन को लेकर अमेरिका का रुख है कि वह टैरिफ का जवाब टैरिफ से दे रहा है, जबकि उसे अपनी गलती माननी चाहिए। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि अमेरिका दूसरे देशों के सामान पर कम टैक्स लगता है, जबकि उसके एक्सपोर्ट पर चीन, भारत समेत कई देश मोटा टैक्स वसूलते हैं।

ट्रंप प्रशासन बोला- 75 देशों ने हमसे डील के लिए संपर्क किया

इसी के जवाब में उन्होंने टैरिफ वॉर शुरू किया है। बता दें कि वाइट हाउस का कहना है कि चीन का रुख अड़ियल है, जबकि दुनिया के करीब 75 देशों ने ट्रेड डील के लिए उससे संपर्क किया है। इसी कारण से उसने कई देशों पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है और तब तक किसी सहमति तक पहुंचने की कोशिश हो रही है। इस अवधि में 10 पर्सेंट का बेसिक टैरिफ ही लगेगा। बता दें कि भारत पर भी अमेरिका 26 फीसदी टैरिफ लगाया था, जिसे फिलहाल होल्ड पर रखा दिया है। इसी का असर है कि भारतीय शेयर मार्केट में अब उत्साह है और कई दिनों की गिरावट के बाद तेजी का दौर देखा जा रहा है।

# अमेरिका के टेक्सास में खसरे का प्रकोप, 560 से अधिक मामले सामने आए

**ह्यूस्टन, ( आईएएनएस )।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य टेक्सास में खसरे के 561 मामले सामने आए। टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट हेल्थ सर्विसेज (डीएसएचएस) ने यह जानकारी दी। डीएसएचएस ने बताया कि पिछले पांच दिनों में 20 नए केस दर्ज किए गए। इसके साथ ही अब तक खसरे से पीड़ित 58 रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसएचएस ने मंगलवार को संभावना जताई कि रोग के अत्यधिक संक्रामक होने के कारण इसके मामलों में वृद्धि हो सकती है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने शुक्रवार को बताया कि इस साल करीब 24 राज्यों में खसरे के 712 मामले सामने आए। इनमें से लगभग 97 प्रतिशत मामले उनके हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है या जिनके वैक्सीनेशन की स्थिति स्पष्ट नहीं है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की मानें तो टेक्सास के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पिछले महीने ही चेतावनी दी थी कि यह प्रकोप कई महीनों तक या पूरे साल तक जारी रह सकता है। उन्होंने बताया कि औसत से कम टीकाकरण स्तर वाली समुदायों को इस प्रकोप से सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रकोप जारी रहा तो संयुक्त राज्य अमेरिका 2000 में घोषित %खसरे से मुक्त% होने का दर्जा खो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है। संक्रमित व्यक्ति के सांस लेने, खांसने या छींकने के कारण यह आसानी से फैलता है। यह गंभीर बीमारी मौत का कारण भी बन सकता है। कोई भी शख्स इस बीमारी के चपेट में आ सकता है लेकिन यह बच्चों में सबसे आम है। यह बीमारी सांस लेने वाले तंत्र को संक्रमित करती है और फिर पूरे शरीर में फैल जाती है। खसरा के लक्षण की अगर हम बात करें तो इसमें तेज बुखार, खांसी, नाक बहना और पूरे शरीर पर दाना आना शामिल है। खसरे से बीमार होने या दूसरे लोगों में फैलने से रोकने के लिए टीका



लगवाना ही सबसे बेहतर विकल्प है। 1963 में खसरे के टीके की शुरुआत और व्यापक टीकाकरण से पहले, बड़ी महामारियां लगभग हर दो से तीन साल में होती थीं और हर साल अनुमानतः 2.6 मिलियन लोगों की मृत्यु होती थी। टीके की दो खुराकें लेने की सिफारिश की जाती हैं ताकि प्रतिरक्षा सुनिश्चित हो और प्रकोप को रोका जा सके, क्योंकि पहली खुराक से सभी बच्चों में प्रतिरक्षा विकसित नहीं होती।

## सुडोकू 6885

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6885

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिसकी अच्छी तरह से योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना, क्रोधित होना
६. सादर, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०. योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिये
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत
२०. नियम, तरीका
२१. कमल (उर्दू)
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१.सधवा
२. भावी कार्य पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. संबंध, लगाव

### वर्ग पहेली-6884

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | धु | २ सू | द | न | ■ | ३ अ | नि | ४ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ५ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ६ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ७ मि | थ्या | वा | ८ द |
| द | ■ | न | ■ | ९ तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | १० नि | या | ११ म | क | ■ | ■ | १२ हा | शि | या |
| ■ | ष्फ | ■ | नो | ■ | १३ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १४ म | ल | १५ य | ज | ■ | णा | ■ | १६ त | १७ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १८ क | ल | १९ म | ■ | क्त | ■ |
| २० दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २१ द | ल | प | २२ ति |
| व | ■ | २३ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

आस्था

*अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण का कार्य हुआ शुरू*

# बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**जम्मू, (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा अर्थात बाबा बर्फानी के दर्शन खातिर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गई है। रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन आफिस में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। तस्वीरों में लोग काफी लंबी-लंबी लाइन में लगे दिखे।**

रजिस्ट्रेशन के दौरान लोगों के हेल्थ का चेकअप किया गया। । इस बीच अमरनाथ यात्रा के लिए रास्ता तैयार करने में सीमा सड़क संगठन भी जुट गया है। पंजीकरण करवाने आए एक श्रद्धालु ने कहा कि मैं दूसरी बार अमरनाथ की यात्रा पर आया हूं। मैं इसे लेकर काफी खुश हूं। जबकि 13 से 70 वर्ष की आयु वाले श्रद्धालु ही यात्रा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। गर्भवती महिलाएं, जिनकी गर्भावस्था 6 सप्ताह या उससे अधिक की है, उन्हें यात्रा की अनुमति नहीं है।

यात्रियों के उत्साह और सरकार की तैयारियों को देखते हुए, इस बार की



अमरनाथ यात्रा और भी भव्य और सुरक्षित होने की उम्मीद जताई जा रही है। पत्रकारों से बात करते हुए लाइन में ही लगे एक अन्य श्रद्धालु ने कहा वह दूसरी बार अमरनाथ यात्रा के लिए आई हैं, मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं, मैं उम्मीद करती हूं कि मैं हर साल यह यात्रा

- **अमरनाथ यात्रा के लिए रास्ता तैयार करने में जुटा सीमा सड़क संगठन**
- **तीन जुलाई से शुरू होकर नौ अगस्त तक चलेगी अमरनाथ यात्रा**

कर पाऊं। वहीं, एक श्रद्धालु रोहित ने कहा कि वे यात्रा के लिए काफी उत्साहित हैं, हमेशा इस यात्रा के लिए हेल्थ चेकअप कराना पड़ता है, इसलिए वे भी लाइन में लगे हुए हैं। इस साल यह यात्रा 3 जुलाई को दो मार्ग- अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गंदरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होगी। इसके बाद 9 अगस्त को रक्षाबंधन को यह यात्रा खत्म होगी। यात्रा की तारीखों पर बात करते हुए जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 5 मार्च को ही राजभवन में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की 48वीं बैठक की थी। इस बीच दूसरी ओर अमरनाथ यात्रा के लिए रास्ता तैयार करने में सीमा सड़क संगठन जुटा हुआ है। बालटाल में बर्फ हटाने का काम जारी है।

सालाना अमरनाथ यात्रा इस बार जुलाई महीने की शुरूआत में शुरू होने वाली है। इसे देखते हुए सीमा सड़क संगठन ने तैयारी तेज कर दी है। बीआरओ यात्रा के लिए बालटाल रूट तैयार करने में जुटा है। ये पवित्र गुफा तक पहुंचने के प्रमुख रास्तों में से एक है।

# युवा निशानेबाज सुरुचि ने एक बार फिर रचा इतिहास, मनु भाकर को हराकर जीता गोल्ड मेडल

लीमा, देशबन्धु। भारतीय युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए यहां आईएसएसएफ विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रखा.



हाल ही में ब्यूनस आयर्स में आयोजित साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय सुरुचि ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 24 शॉट्स में 243.6 का स्कोर बनाया. उन्होंने मनु भाकर को 1.3 अंकों के मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया. चीन की याओ कियानक्सुन ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया. सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने के साथ ही भारत ने इस दिन हर रंग का पदक जीता. पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया. गौरतलब है कि सुरुचि ने इससे पहले ब्यूनस आयर्स में सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता था. उनकी इस लगातार सफलता से भारतीय निशानेबाजी जगत में खुशी की लहर है.

पेरू की राजधानी लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के बदौलत भारत तीन पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है. चीन, जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, दूसरे स्थान पर है.महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के क्वालिफिकेशन राउंड में सुरुचि ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 60 शॉट्स में 582 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया था, जबकि मनु भाकर ने 578 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी. भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं.


कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा
जिला नरसिंहपुर




श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल
अध्यक्ष
श्रीमती सिन्धू जितेन्द्र पटैल
उपाध्यक्ष
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सांईखेड़ा
देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार

अपील
जल का उपव्यय रोकें।
समय पर टैक्स जमा करवाएं।
स्वच्छता बनाए रखें।
एवं समस्त पार्षद पदाधिकारीगण

- श्रीमति रिंकी/ दिग्विजय सिंह राजपूत (पार्षद वार्ड क्र. 1)
- श्रीमति पूजा/ रामसुंदर मंहत (पार्षद वार्ड क्र. 2)
- श्रीमति ज्योति/ गजेन्द्र चौकसे (पार्षद वार्ड क्र. 3)
- श्रीमति प्रीति/ राजेश सोनी (पार्षद वार्ड क्र. 4)
- श्रीमति स्वर्णा/ लोकेश अग्रवाल (पार्षद वार्ड क्र. 6)
- श्री राजेश राय (पार्षद वार्ड क्र. 7)
- श्री ओमप्रकाश पटैल (पार्षद वार्ड क्र. 8)
- श्रीमति शिवकुंवर/ राजेन्द्र सिंह राजपूत (पार्षद वार्ड क्र. 9)
- श्रीमति विनीता/ मान सिंह मिर्धा (पार्षद वार्ड क्र. 10)
- श्रीमति आरती/ राजेन्द्र अग्रवाल (पार्षद वार्ड क्र. 11)
- श्रीमति सुनीता/ यशवंत पटैल (पार्षद वार्ड क्र. 13)
- श्री शिवदास हरिजन (पार्षद वार्ड क्र. 14)
- श्रीमति सविता/ धर्मेन्द्र पटैल (पार्षद वार्ड क्र. 15)



FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
WEDNESDAY OFFER ₹90/- conditions apply
समदड़िया सिनेमा

| JAAT | SIKANDAR | AKAAL Panjabi | CHHAAVA |
|---|---|---|---|
| 10:30AM | 12:30PM | 09:30PM | 01:00PM |
| 12:00PM | 03:00PM | | 03:45PM |
| 01:30PM | 05:45PM | | 06:30PM |
| 03:15PM | 08:30PM | | |
| 04:15PM | | | |
| 06:15PM | | | |
| 07:00PM | | | |
| 09:00PM | | | |
| 10:00PM | | | |



JAN JYOTI
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur



Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200



(A Name of Quality Education) ESTD- 2004
YASH NURSERY HR.SEC. SCHOOL
Admission Open
Dr. Vijaykant Tiwari, (Director)
ENGLISH, HINDI MEDIUM
LIMITED TIME OFFER
HOSTEL+ BUS FACILITY
CBSE/ICSE से MP BOARD में एडमिशन, स्पेशल ऑफर। बोर्ड एग्जाम का PERCENT बढ़ाने, समय बचाने, NEET/IIT में एडमिशन गाइडेंस।
नोट– हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ– साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
- नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में बुक, यूनिफार्म, एडमिशन फ्री
- सीधे 10 वीं , 12 वीं प्राईवेट/रेगुलर फार्म भरने की सुविधा।
- मिडिल क्लास से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी।
Office Timing: 8.00 am to 4.00 pm.
ब्रांच- अधारताल/गोहलपुर
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर
Mob.: 9303580611, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर
Mob.: 9111009016, 0761-4111321



देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु प्रबंधन को 68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं



एड. समर्थ अवस्थी
यूथ कांग्रेस



देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु प्रबंधन को 68 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं



एड. विजय रजक
नगर अध्यक्ष
युवक कांग्रेस
जबलपुर



VASHUDHARA WEEKEND HOLYDAY RESORT & COTTAGE
फार्मलैण्ड फार्महाऊस रिसोर्ट
नवरात्रि ऑफर
प्रत्येक रजिस्ट्री पर फ्री
6 से 9 हजार वर्गफुट साइज में
धुंआधार-भेड़ाघाट के पास, जबलपुर
For More Information Or Booking 7489838637, 9200000641

T&CP Approved Campus
PLOTS & HOME For Sale
स्वतंत्र मकान 25,99,000/- 1100 वर्गफुट प्लाट में 2 BHK
For More Information Or Booking 7724015929, 9200000642

पहली बार जबलपुर में वॉटरपार्क के साथ अनेक सुविधायुक्त
Green Hill's View Farmland
FREE iPhone 16
Only 200/- Sqft
Near Barela Temple, Maneri Road, Dewari Bamhani, Jabalpur
For More Information Or Booking
7724015929, 9200000642

Nice Home ASSOCIATES & INFRASTRUCTURE
CORPORATE OFFICE: 1501/1, 2ND FLOOR, INDORE SEV BHANDAR, LABOUR CHOWK, GARHA ROAD, JABALPUR MP



देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु प्रबंधन को 68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं




एड. सक्षम गुलाटी
एड. अमन अरबी



नगर पालिका परिषद गाडरवारा

देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार

मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना "मुख्यमंत्री कन्या विवाह" का आयोजन आगामी 25/04/2025 दिन शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री माननीय राव उदय प्रताप जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होने जा रहा है,, जिसका आयोजन नगर पालिका परिषद गाडरवाड़ा के माध्यम से किया जा रहा है,, अतः सभी योग्य हितग्राही यथा शीघ्र नगर पालिका में आवेदन देना सुनिश्चित करें,, अंतिम दो दिवस ही शेष है,,

अपील
सभी नागरिकों से अपील हे की- योग्य हितग्राहियों (वर वधू) का कन्या विवाह हेतु 18/04/2025 के बाद फॉर्म जमा नहीं किया जाएगा,, इसलिए आज ही कार्यालय में संपर्क कर अपना फॉर्म जमा करवाए,,

- जल का अपव्यय रोके,,
- समय पर टैक्स जमा करवाए,,
- स्वच्छता बनाए रखें,,

सभी नागरिक अपनी ekyc करवाए

समग्र ई के वाई सी नहीं होने पर आपको नि.लि. लाभ नहीं मिलेगा

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा।
2. मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
4. प्रधानमंत्री आवास प्लान योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
5. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना लाभ नहीं मिलेगा।
6. आय प्रमाण पत्र के आवेदन नहीं कर पाएंगे।
7. जाति प्रमाण पत्र के आवेदन नहीं कर पाएंगे।
8. स्थाई निवासी प्रमाण पत्र के आवेदन नहीं कर पाएंगे।
9. लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
10. पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा।
11. छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन नहीं होगा।
12. राशन मिलना बंद हो जाएगा।
13. संबल योजना बंद हो जाएगा।
14. रोजगार पंजीयन नहीं होगा।

नगर निगम जबलपुर सीमान्तर्गत निवासरत समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आप अपना एवं अपने परिवार के समस्त जीवित सदस्यों की समग्र आई.डी. को यथाशीघ्र अपने निकट के संभागीय कार्यालया अथवा एम.पी. ऑनलाइन सेंटर में आधार से लिंक कराए, ताकि आपको अथवा आपके परिजनों को शासन द्वारा दिए जा रहे हितलाभ सुचारू रूप से दिए जा सके।

पंडित शिवाकांत मिश्रा जी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गाडरवारा

वैभव देशमुख
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाडरवारा

उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण


SENSEX BSE 77044.29 ▲ 309.40 NSE 23437.20 ▲ 108.65 MCX Gold 95233 ▲ 1782 silver 96038 ▲ 1264

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## विप्रो का मुनाफा 26 प्रतिशत बढ़कर 3570 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी विप्रो ने बुधवार को बाजार बंद होने के बाद अपने नतीजे जारी किए। नियामकीय फाइलिंग के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025 में विप्रो का मुनाफा 18.9 प्रतिशत बढ़कर 13,135.4 करोड़ रुपये हो गया। पूरे वित्त वर्ष के लिए राजस्व 0.74 प्रतिशत घटकर 89,088.4 करोड़ रुपये रह गया। भारत की चौथी सबसे बड़ी आईटी कंपनी विप्रो का समेकित शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही के दौरान 25.9 प्रतिशत बढ़कर 3,569.6 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।



# सोना नए शिखर पर, 95 हजार के पार

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 3,300 डॉलर के लेवल को किया फतह



*नई दिल्ली। घरेलू और ग्लोबल मार्केट में बुधवार (16 अप्रैल) को सोना एक बार फिर नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। घरेलू फ्यचर्स मार्केट यानी पर आज सोना सुबह के सत्र में 95 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड लेवल को पार कर गया। पिछले शुक्रवार को इसने 93,940 रुपये का रिकॉर्ड हाई बनाया था। घरेलू स्पॉट मार्केट में भी सोना शुरुआती कारोबार में 94,489 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर दर्ज किया गया।*

ग्लोबल मार्केट में भी सोना फिलहाल नए शिखर पर है। बेंचमार्क स्पॉट गोल्ड बुधवार को कारोबार के दौरान 3,291.68 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड हाई तक ऊपर गया, वहीं यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 3,311.70 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मौजूदा कैलेंडर ईयर के दौरान इसने 25वें दिन और इस महीने छठे दिन रिकॉर्ड हाई बनाया है। सोने की कीमतों में यह तेजी अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर के मद्देनजर बतौर सुरक्षित विकल्प इस बेशकीमती धातु की मांग में आई मजबूती की वजह से आई है। चीन पर अमेरिकी टैरिफ के 145 फीसदी किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका तेज हो गई है। चीन ने भी इसके जवाब में पिछले शुक्रवार को अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 41 फीसदी बढ़ाते हुए 125 फीसदी कर दिया।

साथ ही अमेरिकी डॉलर में कमजोरी ने भी इस बेशकीमती धातु की कीमतों को परवान चढाने में मदद की है। ब्याज दरों में कटौती की संभावना, अमेरिका सहित दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्लोडाउन और महंगाई के बढ़ने की आशंका के मद्देनजर ज्यादातर जानकार सोने को लेकर फिलहाल बेहद बुलिश हैं। उनका मानना है कि ग्लोबल लेवल पर खासकर अमेरिका और चीन के बीच छिड़े ट्रेड वॉर के मद्देनजर जो अनिश्चितता की स्थिति बनी है उसमें बतौर सुरक्षित विकल्प सोने की मांग बरकरार रह सकती है। जानकार मानते हैं कि इन्वेस्टमेंट डिमांड गोल्ड के लिए इस साल सबसे ज्यादा सपोर्टिव साबित हो सकता है क्योंकि इसका सपोर्ट पिछले मई से ही मिलना शुरू हुआ है।

### दूल्हा-दुल्हन के परिजनों के पसीने छूट रहे

शादियों का सीजन चल रहा है और दूल्हा-दुल्हन के परिजनों के पसीने छूट रहे हैं। सोना महंगा होने से शादियों का बजट बुरी तरह गड़बड़ा गया है। आम आदमी की पहुंच से तो सोना कोसों दूर चला गया है। सोने की घरेलू वायदा कीमतों ने आज नया रिकॉर्ड बनाया है। वैश्विक कीमतों में तेजी के चलते घरेलू मार्केट में भी भाव लगातार बढ़ रहे हैं। टैरिफ को लेकर अनिश्चितता और यूएस-चीन ट्रेड वॉर के बढ़ने से सोना सेफ हेवन एसेट के रूप में मजबूत हो रहा है। वायदा ही नहीं, हाजिर मार्केट में भी सोने की कीमतें सातवें आसमान पर हैं।

### ईटीएफ में जमकर निवेश

सोने में रिकॉर्डतोड़ तेजी के बीच लोग फिलहाल इसके ईटीएफ में जमकर निवेश कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 4 महीने से गोल्ड ईटीएफ में इनफ्लो बना हुआ है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक मार्च के दौरान ग्लोबल लेवल पर गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8.6 बिलियन डॉलर बढ़ा। वॉल्यूम/होल्डिंग के लिहाज से इस दौरान निवेश में 92 टन की वृद्धि हुई। सोने की कीमतों में तेजी और लगातार चौथे महीने आए इनफ्लो के दम पर मार्च 2025 के अंत तक गोल्ड ईटीएफ का एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी रूबढ़कर रिकॉर्ड 345 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। टोटल होल्डिंग भी पिछले महीने के अंत तक 3,445 टन पर दर्ज किया गया जो मई 2023 के बाद सबसे ज्यादा है। मई 2023 में टोटल होल्डिंग 3,476 टन पर था। इसके अलावा सेंट्रल बैंकों की खरीदारी भी कीमतों के लिए सपोर्टिव हैं। 2022 से इसने सोने को लगातार सबसे ज्यादा सपोर्ट किया है।

# रुपया 26 पैसे मजबूत



*मुम्बई। विदेशी पूंजी के बड़े पैमाने पर प्रवाह, अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 26 पैसे मजबूत होकर 85.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।*

रुपया लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी अपनी तेजी को बरकरार रखते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 पर बंद हुआ. इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भारतीय शेयरों पर खूब पैसे लगाए, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी की भरपाई हो गई. आज के कारोबार के दौरान टॉप गेनर में बैंकिंग, टेलीकॉम और ऑयल एंड गैस कंपनियों के शेयर रहे. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत के बाद आए सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़ों से विदेशी निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजारों में खरीदारी को बढ़ावा मिला, जिससे स्थानीय मुद्रा को मजबूती मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.66 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 85.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 30 पैसे की बढ़त के साथ 85.80 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.49 पर रहा।

# वित्तीय खुफिया इकाई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर की कार्रवाई

## 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया



*नई दिल्ली। वित्तीय खुफिया इकाई ने 2011-2014 के लिए संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्टिंग में विसंगतियों के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर कार्रवाई की है।*

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पर 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बुधवार को नियामकीय फाइलिंग में यूनियन बैंक ने कहा कि उसने ऐसी गैर-अनुपालन की पुनरावृत्ति से बचने के लिए आवश्यक उपाय किए हैं। वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) ने 15 अप्रैल के अपने आदेश में वर्ष 2011 से 2014 के दौरान संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्टिंग में पाई गई विसंगतियों के लिए 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

यूनियन बैंक के शेयर बीएसई पर पिछली क्लोजिंग से 1.88 प्रतिशत बढ़कर 124.70 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

# 35 दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर लगी रोक

*नई दिल्ली। सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन वाली 35 दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है। बिना अनुमति बिक रहीं इन दवाओं का लोगों के सेहत पर गलत प्रभाव पड़ने के मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है।*

इसे लेकर शीर्ष औषधि नियामक संस्था (सीडीएससीओ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को पत्र लिखकर गैर-अनुमोदित 35 निश्चित खुराक संयोजन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसमें दर्द निवारक, पोषण संबंधी और मधुमेह रोधी दवाएं शामिल हैं। सीडीएससीओ ने सभी औषधि नियंत्रकों से कहा है वह निश्चित खुराक संयोजन दवाओं (एफडीसी) को लाइसेंस देने की प्रक्रिया की समीक्षा करें। साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कराएं। एफडीसी दवाएं वे होती हैं जिनमें एक निश्चित अनुपात में दो या अधिक सक्रिय फार्मास्युटिकल सॉल्ट होते हैं।

पिछले दिनों शीर्ष औषधि नियामक को पता चला कि कुछ एफडीसी दवाओं को सुरक्षा और प्रभावकारिता के मूल्यांकन के बिना उत्पादन, बिक्री और वितरण के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

औषधि नियंत्रकों को भेजे गए पत्र में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉ. राजीव रघुवंशी ने बिना अनुमति एफडीसी दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने 2013 में जारी किए गए पत्र का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को कई पत्र जारी किए गए हैं, जिन्होंने गैर-अनुमोदित एफडीसी के निर्माण और बिक्री की अनुमति दी है। फरवरी 2025 में जारी पत्र में भी कहा गया कि निदेशालय के संज्ञान में आया है कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत सुरक्षा और प्रभावकारिता के पूर्व मूल्यांकन के बिना कुछ एफडीसी दवाओं को विनिर्माण, बिक्री और वितरण के लिए लाइसेंस दिया गया है।



### लोगों की सेहत पर पड़ रहे गलत प्रभाव के बाद सरकार का फैसला



## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 68 |
| एक यूरो | 97. 36 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 114. 24 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 83 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-134 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 94200 चांदी -99800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 94200 चांदी -99800

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# चलती ट्रेन में यात्रियों को मिलेगी एटीएम की सुविधा

## सफर के दौरान कभी भी निकाल सकेंगे पैसे



*नई दिल्ली। भारतीय रेल अपने यात्रियों की सुविधा के लिए एक अद्भुत और अहम कदम उठाने जा रहा है। रेलवे के इस कदम से ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को सफर के दौरान कभी कैश की किल्लत नहीं होगी।*

भारतीय रेल ट्रेनों में एटीएम की सुविधा देने की प्लानिंग कर रहा है और इसका ट्रायल भी सफल रहा। रेलवे ने मंगलवार को मनमाड और मुंबई के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस में एटीएम का सफल ट्रायल पूरा किया। ये एटीएम ट्रेन के एसी कोच में लगाया गया था। अब ऐसा माना जा रहा है कि रेलवे आने वाले समय में कई ट्रेनों में एटीएम की सुविधा शुरू कर सकता है रेल अधिकारियों के मुताबिक पंचवटी एक्सप्रेस में एटीएम की टेस्टिंग सफल रही। हालांकि, उन्होंने बताया कि इगतपुरी और कसारा के बीच नो-नेटवर्क एरिया से गुजरने के दौरान एटीएम मशीन को सिग्नल नहीं मिला था, जिसकी वजह से ट्रांजैक्शन पूरा नहीं हो पाया।


### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ मिलकर किया ट्रायल

मध्य रेलवे के भुसावल डिवीजन और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मिलकर पंचवटी एक्सप्रेस में एटीएम का ट्रायल किया। खास बात ये है कि एसी कोच में लगे इस एटीएम का इस्तेमाल ट्रेन के सभी यात्री कर सकेंगे, क्योंकि इस ट्रेन के सभी 22 डिब्बे वेस्टिबुल के माध्यम से आपस में कनेक्टेड हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि अगर ऑनबोर्ड एटीएम की सुविधा की डिमांड और इस्तेमाल बढ़ता है तो बाकी ट्रेनों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। बताते चलें कि देश के इतिहास में पहली बार किसी ट्रेन में एटीएम की सुविधा मिली है।

# लगातार तीसरे दिन गुलजार हुआ शेयर बाजार

*मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार में आज बुधवार 16 अप्रैल को लगातार तीसरे दिन तेजी देखने को मिली. दोनों इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए. बेंचमार्क इंडेक्स तेज खरीदारी के चलते मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ. बीएसई सेंसेक्स 309.40 अंक या 0.40 परसेंट की उछाल के साथ 77,044.29 के लेवल पर बंद हुआ. वहीं, निफ्टी भी 108.65 अंक या 0.47 परसेंट चढ़कर 23,437.20 पर बंद हुआ।*

भारतीय शेयर बाजार ने इस कारोबारी हफ्ते की शुरुआत मजबूती के साथ की. सोमवार को अंबेडकर जयंती के चलते मार्केट बंद था. मंगलवार को बेंचमार्क इंडेक्स में तेज उछाल आया. सेंसेक्स 1,600 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 76,734.02 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 23,328.50 के रिकॉर्ड के हाई लेवल पर पहुंच गया. निवेशकों के मन में यह उम्मीद है कि अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर का मामला ठंडा पड़ सकता है. सेमीकंडक्टर पर टैरिफ भी अस्थायी रूप से कम हो सकती है. इन मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू निवेशकों की शेयर मार्केट में वापसी हो रही है. बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप में भी लगभग 1 परसेंट का उछाल देखने को मिला. इनमें इंडसइंड बैंक के शेयरों में 7.12 परसेंट की तेजी आई. इसके बाद एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स के शेयरों की क्लोजिंग भी 1.35 परसेंट से लेकर 4.26 परसेंट की बढ़त के साथ हुई. वहीं, सेंसेक्स के बाकी के 12 शेयर आज गिरावट के साथ बंद हुए. टॉप लूजर्स की लिस्ट में सुजुकी, हिंडाल्को, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स के शेयर रहे.



**निवेशकों की हुई 2.76 लाख करोड़ कमाई-** बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप कल के मुकाबले आज करीब 2.76 लाख करोड़ बढ़कर 415 लाख करोड़ पहुंच गया है. यानी कि निवेशकों की संपत्ति में 2.76 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है. मंगलवार को बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 412.24 लाख करोड़ रुपये थी।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
**एडवोकेट रविशंकर पटेल**
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# देश के 8 प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 19 प्रतिशत घटी



*नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 98,095 यूनिट रह गई। ऊंची कीमतों और नई परियोजनाओं की कम पेशकश इसकी मुख्य वजह रही।*

रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर ने बुधवार को कहा कि संपत्ति की बढ़ती कीमतों और धीमी वृद्धि दर ने खरीदारों को सावधानी बरतने के लिए मजबूर कर दिया है। प्रॉपटाइगर, आरईए इंडिया का हिस्सा है जिसके पास हाउसिंग डॉट कॉम का भी स्वामित्व है। रियल एस्टेट सलाहकार ने अपनी रिपोर्ट 'रियल इनसाइट' में कहा, कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में नई पेशकश में 10 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि डेवलपर ने बाजार की स्थिति के साथ समायोजन बैठाने की कोशिश की।

### कीमतों में भारी उछाल ने बिक्री घटी

हाउसिंग डॉट कॉम तथा प्रॉपटाइगर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ग्रुप) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, ''कीमतों में भारी उछाल ने बिक्री पर अपना प्रतिकूल प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। वैश्विक व्यापार युद्ध के कारण अब नई अनिश्चितता सामने आ रही है।

ऐसे में खरीदारों का निवेश को लेकर सतर्क रुख अपनाना स्वाभाविक है, खासकर रियल एस्टेट जैसी क्षेत्रों में..'' प्रॉपटाइगर के आंकड़ों के अनुसार, बेंगलुरु में जनवरी-मार्च में बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 11,731 यूनिट, चेन्नई में 8 प्रतिशत बढ़कर 4,774 यूनिट हो गई। केवल बेंगलुरु और चेन्नई ही दो ऐसे शहर हैं जहां बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

अहमदाबाद में मकानों की बिक्री जनवरी-मार्च में 17 प्रतिशत घटकर 10,730 यूनिट, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 16 प्रतिशत घटकर 8,477 यूनिट, हैदराबाद में 26 प्रतिशत घटकर 10,647 यूनिट, कोलकाता में 1 प्रतिशत घटकर 3,803 यूनिट, मुंबई महानगर क्षेत्र में 26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 30,705 यूनिट और पुणे में 25 प्रतिशत घटकर 17,228 यूनिट रह गई। दिल्ली-एनसीआर में गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद तथा फरीदाबाद और मुंबई महानगर क्षेत्र में मुंबई, नवी मुंबई तथा ठाणे शामिल हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com


देशबन्धु 68 वर्ष
हर सुबह आपका दोस्त अखबार
विवेक बंटी साहू
सांसद
छिन्दवाड़ा- पांढुर्णा
विक्रम अहाके
महापौर
नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा
सांसद एवं महापौर ने अपने संदेश में कहा कि देशबन्धु एक राज्य स्तरीय अखबार है और आज भी अपनी विश्वसनीयता को बनाये रखा है।
देशबन्धु प्रबंधन को 68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य- मित्र मंडल, छिन्दवाड़ा


Buy Best Wedding Jewellery At Honest Price
समदड़िया आभूषण
देशबन्धु 68 वर्ष
Samdariya Diamonds
ENHANCE
Your Beauty
UP TO
20%*
OFF
ON DIAMOND JEWELLERY
*T & C Apply
शोरूम
जबलपुर सराफा बाजार, जबलपुर 0761-2653573
जबलपुर समदड़िया मॉल, जबलपुर 0761-4069805
सतना सर्किट हाउस, सतना-रीवा रोड़ 8806656333
रीवा समदड़िया गोल्ड मॉल, सिरमौर चौक 8602303687
रीवा नया बस स्टैण्ड, रीवा 9893446030
कटनी समदड़िया सिटी, माधव नगर 07622-245008


जबलपुर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
आपके दिल की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी
हार्ट अटैक एवं हृदय रोग सम्बंधित उपचार
एंजियोग्राफी (हृदय की नसों की जाँच)
एंजियोप्लास्टी एवं स्टंटिंग, वाल्वोप्लास्टिक ईको,
कॉर्डियोग्राफी टी.एम.टी. पेसमेकर
ACCREDITED
NABH NABL MC-3015
द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय
महाकोशल क्षेत्र की सबसे बड़ी व आधुनिकतम कैथलैब
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस
24 Hours Service Everyday
Courses Available :
GNM, B.Sc. (N), P.B.Sc. (N) & Ph.D. (N)
M.Sc. (Nursing) in
MSN, OBG, CHN, PSY, PEDIA
अग्रसेन मण्डपम् के पास, कचनार सिटी रोड, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर
Mob. : 8269045001, 8269065001, 7869135658
Web. : www.nursingcollegejihs.com, E-mail : jihs25jabalpur@gmail.com
Radiology : Ultrasound Machine
CT Scan Machine
गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी
ऑन्कोलॉजी
यूरो सर्जरी
नेफ्रोलॉजी हीमोडायलिसिस
पीडियोट्रिक नियोनेटोलॉजी
गॉयनिक लेप्रोस्कोपी
बायपास सर्जरी
कार्डियोलॉजी - एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
इंटरनल मेडीसिन
पलमोनरी मेडीसिन
कॉस्मेटिक गॉयनिक सेंटर
क्रिटिकल केयर
ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी
हाई रिस्क प्रसूति
लेप्रोस्कोपिक गेस्ट्रो सर्जरी
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
ट्रॉमा केयर
दुर्घटना एवं अपघात निदान
आई.वी.एफ. सेंटर
इंडोक्रॉयनोलॉजी
न्यूरोलॉजी
न्यूरो सर्जरी
रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482002, म.प्र.
फोन : 0761-4026000, 2450761-62, फैक्स : 0761-4036343, टोल फ्री नं. : 18002332450
Email : jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website : www.jabalpurhospital.com


SWASTIK MULTI-SPECIALITY HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
SWASTIK
MULTI-SPECIALITY
HOSPITAL
NABH
देशबन्धु 68 वर्ष
विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
मस्तिक रोग विभाग
कैंसर रोग विभाग
प्लास्टिक, हेयर ट्रांसप्लांट
एवं कास्मेटिक सर्जरी विभाग
बर्न विभाग
हड्डी रोग विभाग
दमा व छाती रोग विभाग
नवजात एवं शिशु रोग विभाग
फिजियोथेरेपी विभाग
गुर्दा रोग विभाग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक
सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
नाक, कान एवं गला रोग विभाग
हृदय रोग विभाग
मेडीसिन विभाग
2डी ईको, टी.एम.टी. सोनोग्राफी,
कलर डॉपलर
आई.टी.आई. रोड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के सामने दीनदयाल चौक, जबलपुर
फोन: 0761-2640638
8461884444, 8462884444